दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 24 जयपुर, मंगलवार, 02 जनवरी, 2024 | पौष, कृष्ण पक्ष- षष्ठी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00



## जरूरी खबर

### विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष से की मुलाकात



**जयपुर।** नववर्ष के पहले दिन सोमवार को राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विधानसभा में लोगों ने मुलाकात की। देवनानी को मंत्री राज्यवर्धन सिंह, सुरेश सिंह रावत, हीरालाल नागर, जोगेश्वर गर्ग, महेन्द्र जीत सिंह मालवीय, पब्बाराम, कैलाश मीणा, राजस्थान विधानसभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा सहित विधानसभा के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने नव वर्ष की बधाई दी। एसबीआई के जयपुर जोन प्रमुख अनिरूद्ध चौधरी और बैंक की विस शाखा के प्रभारी संजय शर्मा ने भी मुलाकात कर नव वर्ष की बधाई दी।

### मीणा ने की RAS परीक्षा स्थगित करने की मांग

बेधड़क,जयपुर। भजनलाल सरकार में मंत्री बनाए गए किरोडी लाल मीणा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आरएएस मुख्य परीक्षा स्थगित करने की मांग की है। मंत्री मीणा ने कहा कि इस संबंध में अभ्यर्थियों ने उन्हें ज्ञापन दिया था। अभ्यर्थी तैयारी के लिए पर्याप्त समय देने की मांग कर रहे हैं, जो तर्कसंगत है। अभ्यर्थियों को तैयारी के लिए कम से कम तीन महीने का और समय मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि अभ्यर्थियों के साथ अन्याय नहीं होगा। वहीं मुख्यमंत्री मंत्री मीणा ने ईआरसीपी को जल्द धरातल पर उतारने की भी मांग की ताकि 13 जिलों के लोगों को राहत मिल सके।

### मंत्रियों ने की सतीश पूनियां से मुलाकात



**जयपुर।** भाजपा सरकार के मंत्री परिषद् का गठन होने के बाद सोमवार को नव वर्ष के मौके पर कई मंत्रियो ने भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया से उनके आवास पर मुलाकात की। कैबिनेट मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, सुरेश सिंह रावत, कन्हैयालाल चौधरी, हेमंत मीणा, राज्यमंत्री विजयसिंह चौधरी ने मंत्री बनने के बाद पहली बार पूनियां से शिष्टाचार मुलाकात की। पूनियां ने सभी मंत्रियों को नवीन दायित्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दे कर प्रदेश को अग्रणी बनाने को लेकर संवाद किया। पूनियां ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं मंत्रिमंडल के समस्त सदस्य अग्रणी राजस्थान के संकल्प को पूरा करेंगे।

## प्रदेश में शीतलहर का प्रकोप, घरे कोहरे के चलते जयपुर स्टेशन पर विलंब से पहुंची रेलगाड़ियां

# कोहरे का कोहराम: हवाई उड़ानें और कई ट्रेनें हो रही प्रभावित

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में नव वर्ष की की शुरुआत कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के साथ हुई है। जयपुर, बीकानेर, भरतपुर, अजमेर, कोटा संभाग के कई जिलों में सोमवार अलसुबह घना कोहरा छाया रहा। श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, करौली, धौलपुर में दिन-रात में सर्दी एक जैसी पड़ने लगी है।

मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों के लिए राजस्थान के सात जिलों में तेज कोल्ड-डे का अलर्ट दिया है, जबकि 12 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट दिया गया है। जयपुर मौसम केन्द्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि इस सप्ताह राजस्थान में तेज सर्दी रहेगी। सुबह-शाम के अलावा दिन में भी कोल्ड-डे की कंडीशन रहेगी। मौसम विभाग ने सोमवार को अलवर, भरतपुर, भीलवाड़ा, दौसा, धौलपुर, झुंझुनूं और हनुमानगढ़ के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसी तरह मंगलवार को चूरू, बीकानेर, हनुमानगढ़, टोंक, सीकर, सवाई माधोपुर, करौली, कोटा, धौलपुर, भरतपुर, भीलवाड़ा, अलवर में भी कोहरा रहने की संभावना जताते हुए इन जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है।

वहीं कोहरें से ट्रेंनें, बस और फ्लाइट्स का संचालन प्रभावित हुआ है। इसके चलते नव वर्ष मनाने आए सैलानियों को भारी परेशानी



का सामना करना पड़ा। कोहरे का सबसे ज्यादा असर ट्रेनों पर पड़ा है। राजधानी के जयपुर जंक्शन पर ट्रेनें कई घंटे विलंब से पहुंची। इसके चलते ट्रेनें अपने गंतव्य तक देरी से पहुंच सकेगी। वहीं यात्री ट्रेनों के इंतजार में सर्दी से ठिठुर गए। अपने गंतव्य तक जाने के लिए दूसरे साधनों का भी प्रयोग किया।

यात्रियों को पहले इतनी सर्दी पड़ने मालूम नहीं होने पर घूमने का मजा किरकिरा हो गया। वहीं ट्रेनों में नव वर्ष पर घूमने वाले पर्यटकों की भीड़ रही। यात्रियों ने भारी भीड़ के बीच सीट के लिए जगह बनाई। इधर, कोहरें के कारण विजिबिलटी कम होने से सड़कों पर बसें भी धीरें-धीरें चली। एयरपोर्ट पर फ्लाइट्स लेट पहुंची। हवाईयात्रियों को अपने गंतव्य तक जाने से परेशानी हुई।

### ये ट्रेनें पहुंची लेट

जयपुर स्टेशन पर कोहरें के कारण कई ट्रेनें घंटों लेट पहुंची। गाड़ी संख्या 12414 जम्मूतवी-अजमेर ट्रेन 10 घंटें 37 मिनट घंटें लेट पहुंची। इसी तरह गाड़ी संख्या 20403 प्रयागराज-बीकानेर ट्रेन 6 घंटें, गाड़ी संख्या 20404 बीकानेर-प्रयागराज ट्रेन 2 घंटें 40 मिनट, गाड़ी संख्या 14863 वाराणसी-जोधपुर ट्रेन भी 2 घंटें 40 मिनट, गाड़ी संख्या 22547 ग्वालियर साबरमती ट्रेन 2 घंटें, गाड़ी संख्या 19702 सैनिक एक्सप्रेस 1 घंटा 15 मिनट व गाड़ी संख्या 14701 गंगानगर-बांद्रा एक्सप्रेस 1 घंटें लेट पहुंची। हालांकि ट्रेनों के जयपुर लेट पहुंचने पर समय पर ही गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

### यात्रियों ने लिया अलाव का सहारा

इधर, ट्रेनों के ज्यादा लेट होने पर कड़ाके की ठंड में सर्दी से बचने के लिए यात्रियों ने अलाव का सहारा लिया। यात्री स्टेशन के बाहर तपते नजर आए। वहीं कई यात्री गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए।

## नववर्ष के पहले दिन मंत्री सचिवालय में पहुंचे अपने कार्यालय

# मंत्री राज्यवर्धन, गहलोत, पटेल और बेढम ने संभाला कार्यभार

### सीनियर मंत्री मीणा को मुख्य भवन में ऑफिस नहीं मिलना बना चर्चा का विषय

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में भाजपा सरकार के मंत्रिपरिषद के गठन के बाद सोमवार को कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, अविनाश गहलोत, जोगाराम पटेल और राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने सचिवालय में कार्यभार संभाला। पदभार ग्रहण से पहले ही मंत्रियों और उनके स्टाफ के लिए मुख्य भवन और मंत्रालय भवन में ऑफिस अलॉट कर दिए गए हैं। पदभार ग्रहण करके राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। राजस्थान की जनता की सेवा का मौका दिया गया है। पीएम, सीएम के नेतृत्व में राजस्थान का उत्थान करना है। विभाग कोई सा भी हो, जिम्मेदारी के साथ सरकार चलानी है। राठौड़ ने कहा अधिकारियों, मंत्रियों की सभी की जिम्मेदारी है कि भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण को लेकर सरकार का जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत बनाना है। इसमें ये 5 साल महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि पिछले पांच साल की समस्याओं से मुक्ति दिलाने और पेपर लीक पर अंकुश लगाने के कड़े प्रयास करेंगे। राठौड़ ने कहा कि मोदी सरकार पूरे देश को साथ में लेकर चलती है। इंडिया अलायन्स का विपक्ष कमजोर और दृष्टिहीन हैं। हमारा संकल्प साफ है, हमारी चुनौती भ्रष्टाचार के खिलाफ काम करना है।



#### राम मंदिर बनना कोई छोटी घटना नहीं: पटेल

जोगाराम पटेल ने मंत्री पद देने के लिए शीर्ष और प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को पूरे देश में दीपावली मनाई जाएगी। राम मंदिर बनना कोई छोटी घटना नहीं है। यह विश्व की बड़ी घटना में से एक है। इस दिन हम घर-घर में दीपावली मनाएंगे। उन्होंने कहा कि इस दिन वे अपने विधानसभा क्षेत्र में एक लाख दीपक जलाएंगे। कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि पीएम मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए पहले हमें राजस्थान को विकसित प्रदेश बनाना होगा। राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि आज केवल ऑफिस जॉइन किया है। पदभार तो विभाग आवंटन के बाद करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता वही है जो सरकार की प्राथमिकता है। मेरी रुचि आम जनता के भलाई के काम करने में है। जो विभाग मुख्यमंत्री देंगे। उसमें काम करेंगे।



#### मीणा को मुख्य भवन में दफ्तर नहीं

सचिवालय के मुख्य भवन में आमतौर पर उप मुख्यमंत्री और बड़े विभाग के मंत्रियो को ऑफिस अलॉट किया जाता रहा हैं, लेकिन इस बार भाजपा सरकार के सबसे सीनियर मंत्री किरोड़ी लाल मीणा को मुख्य भवन में ऑफिस अलॉट नहीं किया गया हैं। ये बात राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई है। गौरतलब है कि सीएम भजनलाल शर्मा के मंत्रिमंडल में शामिल 22 में से 5 मंत्रियों को मुख्य भवन में ऑफिस मिला है। शेष 17 मंत्रियों को मंत्रालय भवन में ऑफिस मिला है। डिप्टी सीएम दीया कुमारी व प्रेमचंद बैरवा मुख्य भवन में ऑफिस अलॉट हुआ हैं।

## असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा 7 को

# RPSC ने निकाली लॉ मेकर के 9 पदों पर भर्ती, आवेदन 5 से




**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने सोमवार को विधि एवं विधिक कार्य विभाग के 9 पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी किया है। शैक्षणिक योग्यता, सब्जेक्ट वाइज पदों की संख्या, वर्गवार वर्गीकरण और अन्य जानकारी संबंधी विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

आयोग सचिव ने बताया कि भर्ती परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन 5 जनवरी से 4 फरवरी की रात्रि 12 बजे तक किए जा सकेंगे। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। परीक्षा तिथि व स्थान के संबंध में यथासमय सूचित कर दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को आयोग के ऑनलाइन पोर्टल https://rpsc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध एप्लाई ऑनलाइन लिंक या एसएसओ पोर्टल के सिटीजन एप में उपलब्ध रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन कर वन टाइम रजिस्ट्रेशन करना होगा। वहीं आयोग द्वारा कॉलेज शिक्षा विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर, लाइब्रेरियन और पीटीआई परीक्षा का आयोजन 7 जनवरी को किया जाएगा।

परीक्षा में बैठने वाले अभ्यर्थियों को आवंटित परीक्षा जिले की जानकारी रविवार को उपलब्ध करा दी गई है। अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र अब 4 जनवरी को जारी किए जा सकेंगे। आयोग सचिव ने बताया कि एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर अभ्यर्थी परीक्षा के लिए आवंटित जिले की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र परीक्षा दिनांक से तीन दिन पूर्व आयोग की वेबसाइट पर और एसएसओ पोर्टल पर अपलोड कर दिए जाएंगे। परीक्षा में 1.98 लाख अभ्यर्थी बैठेंगे।

## पुलिस महानिदेशक सम्मेलन की सीएम ने ली समीक्षा बैठक

# आयोजन स्थल पर लगाएं कला व संस्कृति को दर्शाते हुए होर्डिंग

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर में होने वाले 58वें पुलिस महानिदेशक-महानिरीक्षक सम्मेलन की तैयारियों को लेकर सोमवार को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने समीक्षा बैठक ली। समीक्षा बैठक में सीएम शर्मा ने कहा कि सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह सहित केन्द्र एवं राज्यों के पुलिस महानिदेशक एवं वरिष्ठ अधिकारी हिस्सा लेंगे। उन्होंने सम्मेलन से सम्बंधित सभी विभागीय अधिकारियों को आवास, सुरक्षा, परिवहन, खान-पान, पर्यटन सहित छोटी-छोटी



जरूरतों का विशेष ध्यान रखने के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी तरह की तैयारियां समयबद्ध सुनिश्चित की जाए। सीएम शर्मा ने कहा कि सम्मेलन में जयपुर एयरपोर्ट से लेकर विधायक आवास, राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, पर्यटन स्थलों सहित सभी वीआईपी मार्गों पर तैयारियों का पूर्वाभ्यास किए जाने के साथ ही बैकअप प्लान तैयार रखें। उन्होंने कहा कि विधायक आवास से लेकर आरआईसी के अंदर और बाहर तक विभिन्न स्थानों पर राजस्थान के कला व संस्कृति से सम्बंधित होर्डिंग लगाए जाएं, ताकि आगन्तुकों के लिए यह सम्मेलन यादगार बनें। सम्मेलन के दौरान यातायात व्यवस्था को लेकर आमजन को समाचार पत्रों और सोशल मीडिया के जरिए पूर्व में ही अवगत कराएं।

## रैन बसेरों का औचक निरीक्षण कर लिया जायजा, अधिकारियों को दिए निर्देश

# सीएम शर्मा ने निराश्रितों को बांटे कंबल

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार देर शाम नववर्ष के मौके पर रामनिवास बाग एवं जेके लोन अस्पताल के पास स्थित रैन बसेरों में रह रहे लोगों से मिलकर उनकी कुशलक्षेम पूछी। वहीं सीएम ने सड़कों पर रह रहे निराश्रित लोगों को कंबल वितरित किए।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने रैन बसेरों में व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया और प्रबंधकों व कार्मिकों को रैन बसेरों को स्वच्छ और साफ रखने सहित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिशा-निर्देश दिए। सीएम शर्मा ने रैनबसेरों में रह रही महिलाओं के



लिए बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने महिलाओं के रैन बसेरों में कपड़े की अस्थाई दीवार लगाने की जगह प्लाई की दीवार बनाने और लकड़ी का दरवाज़ा लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी रैन बसेरों के पास मोबाइल शौचालय खड़े करने के आदेश दिए ताकि वहां रह रहे लोगों को नित्यक्रियाओं के लिए दूर नहीं जाना पड़े।

सीएम भजनलाल ने रैनबसेरों के आस-पास बने गड्ढों को तुरंत भरने के आदेश दिए ताकि किसी को चोट ना लगे। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी निराश्रित व्यक्ति इस ठंड के मौसम में खुले में नहीं सोए, इसके लिए रैन बसेरों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। एंट्री रजिस्टर अच्छे से मेंटेन किया जाना चाहिए। उन्होने व्यवस्था देख रहे कार्मिकों से कहा कि रैन बसेरों में रह रहे जरूरतमंद लोगों की सेवा करना पुण्य का कार्य है।

## भर्ती परीक्षाओं में धांधली पर कार्रवाई

# 6 भर्ती परीक्षाओं में नकल व पेपर लीक की 500 से ज्यादा शिकायतें


- 5 दिन में एसआईटी द्वारा जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर पर लगा शिकायतों का अंबार

**बेधड़क** | जयपुर

आरपीएससी और कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा पिछले दो साल में कराई गई सभी भर्ती परीक्षाओं में नकल, डमी परीक्षार्थी बैठाने व पेपर लीक होने के मामले सामने आए हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल के आदेश के बाद पुलिस मुख्यालय द्वारा गठित एसआईटी की हेल्पलाइन नंबर पर पिछले पांच दिन में 6 भर्ती परीक्षाओं में नकल, डमी अभ्यार्थी बैठाने और पेपर लीक होने की 500 से ज्यादा शिकायतें मिली हैं। शिकायतों के आधार पर एसआईटी ने मामलों की जांच-पड़ताल करना शुरु कर दिया है। हेल्पलाइन नंबर पर मिलने वाली सभी शिकायतों का खुद एडीजी वीके सिंह मॉनिटिरंग कर रहे हैं।

उनकी जांच के लिए अलग-अलग अफसरों को टास्क दिया है, ताकि जांच के बाद इन भर्ती परीक्षाओं में शामिल संदिग्ध अभ्यर्थी, डमी अभ्यर्थी, नकल कराने वाले गिरोह और पेपर लीक करने वाले सरगनाओं के खिलाफ




कार्रवाई की जा सके। परीक्षाओं में शामिल ऐसे अभ्यर्थियों को प्रदेश में होने वाली सभी भर्ती परीक्षाओं के लिए डिबार किया जाएगा और नकल कराने व पेपर लीक करने वाले गिरोह व उसमें शामिल हर बदमाश गिरफ्तारी के साथ में उसकी प्रोपर्टी पर कार्रवाई की जाएगी। इसकी पुलिस मुख्यालय ने तैयारियां शुरु कर दी है।

### एडीजी सहित तीन आईपीएस कर रहे शिकायतों की मॉनिटरिंग

पड़ताल में सामने आया कि एसआईटी के गठित होने के बाद एडीजी वीके सिंह ने परीक्षाओं में होने वाली गड़बड़ को लेकर हेल्पलाइन नंबर 9530429258 जारी किए हैं। एडीजी वीके सिंह के साथ तीन आईपीएस अफसर शिकायतों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इसके अलावा चार एडिशनल एसपी, 8 डीएसपी और 10 इंस्पेक्टर इन शिकायतों की जांच करने में जुट गए हैं। एसआई व एएसआई रैंक के पुलिसकर्मी शिकायतों की जांच के लिए परिवादियों से दस्तावेज जुटाने में लग गए हैं, ताकि शिकायत के आधार पर साक्ष्य उपलब्ध करा सकें।

### इन परीक्षाओं में गड़बड़ी की शिकायतें

हेल्पलाइन नंबर पर एसआईटी को नकल व पेपर लीक करने वाले माफियाओं से पीड़ित अभ्यार्थियों ने आरपीएससी व कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा दो साल में कराई गई भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी की शिकायतें की है। इनमें ईओ, आरओ, जेईएन, प्रथम श्रेणी स्कूल व्याख्यता व द्वितीय श्रेणी की परीक्षा, सहायक रेडियो ग्राफर, एसआई भर्ती परीक्षाओं में धांधली होने की शिकायतें मिलीं हैं।

### शिकायतों की कर रहे हैं जांच

"कुछ अभ्यर्थी हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत कर रहे हैं तो कुछ दस्तावेजों के साथ खुद पेश होकर शिकायतें कर रहे हैं। इन शिकायतों की जांच की जा रही है। पेपर लीक के मामले में फरार चल रहे बदमाशों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

**वीके सिंह, एडीजी,** नॉडल अधिकारी, एसआईटी।

दैनिक हिन्दी अख़बार

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

# सच बेधड़क

वर्ष: 3 | अंक: 24 | जयपुर, मंगलवार, 02 जनवरी, 2024 | पौष, कृष्ण पक्ष- षष्ठी, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### देश में एक दिन में आए कोरोना के 636 नए केस



**जयपुर।** देश में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में उतार-चढ़ाव का दौर देखने को मिल रहा है। देश में पिछले 24 घंटों में कोरोना के 636 नए केस सामने आए हैं। इसमें प्रदेश में 4 कोरोना संक्रमित मरीज भी शामिल है। इसमें एक-एक मरीज दौसा और सीकर तथा दो मरीज जयपुर के है। सोमवार को इस बीमारी से देश में तीन लोगों की मौत हो गई। इसमें 2 लोगों की मौत केरल में हुई है, जबकि एक कोरोना संक्रमित मरीज की मौत तमिलनाडु में दर्ज की गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 4,394 पहुंच गई है।

### भारत के मोस्ट वांटेड आतंकी मसूद अजहर की मौत!



**नई दिल्ली।** भारत का मोस्ट वांटेड आतंकवादी और जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख मौलाना मसूद अजहर सोमवार को एक बम धमाके में मारा गया। जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख मसूद अजहर का अज्ञात लोगों ने बम विस्फोट कर खात्मा कर दिया। यह हमला भावलपुर मस्जिद से वापस जाते समय सुबह 5 बजे हुआ। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। गौरतलब है कि दिसंबर 1999 में भारत के विमान को हाईजैक कर कंधार ले जाया गया है, उस दौरान यात्रियों के बदले जिन 3 आतंकियों को छोड़ा गया था, उनमें मसूद अजहर भी शामिल था।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार



अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

## दुनिया में ब्लैक होल-न्यूट्रॉन स्टार की स्टडी करने वाला भारत होगा दूसरा देश

# नववर्ष पर ISRO का सरप्राइज, साल का पहला मिशन लॉन्च

**एजेंसी** | नई दिल्ली

नए साल के आगाज के साथ ही इसरो ने साल के पहले स्पेस मिशन को लॉन्च कर दिया है। इसरो ने 'एक्स-रे पोलेरिमीटर सैटेलाइट' (एक्सपोसैट) मिशन को सोमवार की सुबह 9:10 बजे लॉन्च किया। 2023 में चंद्रयान-3 मिशन के जरिए चांद पर पहुंचने और आदित्य एल-1 मिशन के जरिए सूर्य तक सफर की शुरुआत के बाद इसरो ने इस साल स्पेस सेक्टर में अपना पहला कदम बढ़ाया है। इसरो बताया कि आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से साल का पहला मिशन लॉन्च किया गया। मिशन की लॉन्चिंग के साथ ही भारत दुनिया का दूसरा ऐसा देश बन गया है, जिसने ब्लैक होल और न्यूट्रॉन स्टार्स की स्टडी के लिए स्पेशलाइज्ड एस्ट्रोनॉमी ऑब्जर्वेट्री को स्पेस में भेजा है। एक्सपोसैट एक तरह से रिसर्च के लिए एक ऑब्जर्वेट्री है, जो अंतरिक्ष से ब्लैक होल और न्यूट्रॉन स्टार्स के बारे में ज्यादा जानकारी जुटाएगी।



### 'गगनयान मिशन की तैयारियों का साल रहेगा 2024'

एस सोमनाथ ने कहा कि 2024 गगनयान की तैयारियों का साल रहेगा। इसके साथ ही हम हेलिकॉप्टर से ड्रॉप टेस्ट भी करेंगे। इसमें पैराशूट सिस्टम की जांच की जाएगी। इनके अलावा कई वैल्यूएशन परीक्षण भी किए जाएंगे। साथ ही हम इस साल जीएसएलवी को भी लॉन्च करेंगे। इसरो चीफ ने कहा कि 2024 में हमने कम से कम 12 मिशन लॉन्च करने का लक्ष्य तय किया है।



### पृथ्वी की निचली कक्षा में होगा स्थापित

नासा ने 2021 में 'इमेजिंग एक्स-रे पोलेरिमीटरी एक्सप्लोरर' नाम से मिशन लॉन्च किया था। इसके जरिए वर्तमान में ब्लैक होल समेत अंतरिक्ष में मौजूद अन्य चीजों की स्टडी हो रही है। एक्सपोसैट को पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल के जरिए अंतरिक्ष में भेजा गया है। पीएसएलवी रॉकेट के जरिए एक्सपोसैट सैटेलाइट को अंतरिक्ष में भेजा गया है। ये सैटेलाइट पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित किया जाएगा, जहां से पृथ्वी की दूरी 650 किमी है।

### एक्सपोसैट मिशन का यह है मकसद

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बॉम्बे के एस्ट्रोफिजिसिस्ट डॉ. वरुण भालेराव ने कहा कि नासा के 2021 के इमेजिंग एक्स-रे पोलेरिमीटरी एक्सप्लोरर या IXPE नामक मिशन के बाद ये अपनी तरह का दूसरा मिशन है। ये मिशन मर चुके तारों को समझने की कोशिश करेगा। एक्स-रे फोटोन और पोलराइजेशन की मदद से एक्सपोसैट ब्लैक होल और न्यूट्रॉन सितारों के पास रेडिएशन की स्टडी करेगा।

## नए मंत्रियों को विभागों के बंटवारे का इंतजार

# 'मलाईदार' महकमों के लिए दिल्ली दरबार तक लॉबिंग

### मंत्री बनने के बाद मंत्रालयों के लिए मुलाकात का दौर शुरू

### मुख्यमंत्री से लेकर दिल्ली तक पहुंचा रहे अपनी मंशा

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में मुख्यमंत्री की शपथ लेने के बाद भजनलाल सरकार ने शनिवार को अपना मंत्रिमंडल बना लिया। अब मंत्रियों में विभागों के बंटवारों को लेकर लॉबिंग शुरू हो गई है। छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में मंत्रिमंडल के गठन के पांच-छह दिन बाद विभागों का बंटवारा हुआ था। ऐसे में यहां भी माना जा रहा है कि अभी विभागों के बंटवारे में समय लग सकता है। सूत्रों के अनुसार प्रदेश में भी एमपी और छत्तीसगढ़ की तरह दिल्ली से ही विभागों का बंटवारा किया जाना है। ऐसे में बड़े विभागों की जुगत में नए मंत्रियों ने दिल्ली दरबार में भी लॉबिंग शुरू कर दी है।

हालांकि कई मंत्री रविवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मिले तो कुछ ने बीजेपी दफ्तर में जाकर प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी से भी मुलाकात की। वहीं सियासी हलकों में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, डिप्टी सीएम दीया कुमारी, और प्रेम चंद बैरवा समेत कैबिनेट



मंत्री किरोड़ी लाल मीना, गजेंद्र सिंह खींवसर, राज्यवर्धन सिंह राठौड़, मदन दिलावर और बाबूलाल खराड़ी को बड़े महकमों की जिम्मेदारी सौंपने की चर्चाएं हैं। माना जा रहा है टिकट वितरण से लेकर मंत्री बनाने तक जिस तरह से केंद्रीय नेतृत्व ने सबको चौंकाया, ऐसा ही कुछ विभागों के बंटवारे को लेकर भी होगा। इसी बीच मंत्रिमंडल में शामिल हुए कई अन्य मंत्री भी इस जुगाड़ में लग गए हैं कि उन्हें 'मलाईदार' महकमे मिले, इसके लिए मंत्री अभी से जयपुर से लेकर दिल्ली तक मिलने और फोन कर अपने पक्ष में लॉबिंग करने में जुट गए हैं।

### क्या सीएम के पास रहेंगे अहम विभाग

पिछली सरकार के रिकॉर्ड को देखते हुए सीएम भजन लाल खुद गृह और वित्त विभाग को अपने पास रख सकते हैं। उनके बाद दोनों डिप्टी सीएम भी इन महत्वपूर्ण विभागों में काम करने के इच्छुक रहेंगे। वहीं प्रदेश में खनिज संपदा में अपार संभावना को देखते हुए इस विभाग के लिए वरिष्ठ और अनुभवी नेता जोर आजमाइश में लग गए हैं। हालांकि खान आवंटन को लेकर पिछली सरकारों में खान मंत्री एजेंसियों के रडार पर रहता है। फिर भी कुछ दिग्गज नेताओं की इस मलाईदार महकमे में काम करने की मंशा बन रही है। परिवहन और चिकित्सा विभाग के लिए पूर्वी राजस्थान से बने दो मंत्रियों ने आलाकमान को इच्छा जता दी है। वहीं आरएसएस का सबसे ज्यादा फोकस स्कूली, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा पर विशेष फोकस है। संघ पृष्ठभूमि के किसी मंत्री को यह विभाग देने की संभावनाएं सबसे ज्यादा है। पहले भी भाजपा सरकारों में ये विभाग वासुदेव देवनानी के पास ही रहे थे।

### गृह, वित्त, हेल्थ, UDH, खान जैसे विभागों पर सबकी नजरें

सरकार में हर मंत्री बड़ा विभाग चाहता है। भजनलाल सरकार में भी नगरीय विकास विभाग, गृह, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, बिजली, खनिज-उद्योग, परिवहन, कृषि-सहकारिता, राजस्व जैसे बड़े महकमों के लिए लॉबिंग जारी है। हर मंत्री इनमें से ही विभाग लेना चाहता है। हालांकि कुछ मंत्री दबी जुबान में यह भी कह रहे हैं कि यहां लॉबिंग करने से क्या होगा। सब कुछ दिल्ली से ही तय हो रहा है। विभाग भी दिल्ली से ही तय होकर आएंगे।

### सीएम से मिले छह से ज्यादा मंत्री

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से रविवार को दीया कुमारी, मदन दिलावर, गजेंद्र सिंह खींवसर, जोगाराम पटेल, ओटाराम देवासी, मंजू बाघमार, गौतम दक ने मुलाकात की। इसी तरह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी से अविनाश गहलोत, जोराराम कुमावत, गौतम दक ने मुलाकात की। भाजपा के वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश माथुर भी जयपुर में मौजूद हैं। उनसे मिलने भी अविनाश गहलोत, जोराराम कुमावत पहुंचे।

### मंत्री बिना विभाग के नहीं होता, जल्द होगा बंटवारा: बैरवा

मंत्रियों के विभाग के बंटवारे को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा ने कहा है कि जल्द ही विभाग का बंटवारा होगा। पत्रकारों ने डिप्टी सीएम बैरवा से पूछा कि मंत्रियों को कब विभाग मिलेंगे तो उन्होंने सवाल को हंसी में टालते हुए कहा कि मंत्री बिना विभाग के रहता ही नहीं। मंत्रियों को जल्द ही विभाग मिल जाएंगे।

### मेरे तजुर्बे को देखकर दिया जाए विभाग: खींवसर

कैबिनेट मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने अपने अनुभव का बड़ा मानते हुए बड़े लेवल का विभाग मिलने की आशा जताई है। खींवसर ने कहा कि उन्होंने बिजली जैसा कठिन विभाग करीब सात-आठ साल संभाला है। उनके ख्याल से जितने भी विभाग हैं, उनमें से सबसे ज्यादा चर्चा में रहने वाला डिपार्टमेंट बिजली ही है। ऐसे में उनके तजुर्बे को देखते हुए शायद जनता को बड़े लेवल पर इफेक्ट करने वाला ही डिपार्टमेंट दिया जाएगा। वे भी ऐसे ही किसी डिपार्टमेंट में काम करना चाहते है जो जनता के दिन प्रतिदिन के हितों से जुड़ा हो। उन्होंने कहा कि आशा है कि उनके अनुभव और एक्सपर्टीज का मुख्यमंत्री उपयोग करेंगे।

## कई जिलों के लिए जारी किया ऑरेंज अलर्ट

# राजधानी में सीजन की सबसे ठंडी रात @7.6⁰

@ रामनिवास बाग



फोटो: राजेश कुमावत

**बेधड़क** | जयपुर

### 12 जिलों में घने कोहरे और सर्दी का अलर्ट, 100 मीटर से कम रही कई जिलों में विजिबिलिटी, प्रदेश में फलौदी का पारा रहा 5.2 डिग्री सेल्सियस, 5 दिन शीतलहर के साथ और कोल्ड-डे की जताई संभावना

प्रदेश में कोल्ड डे जारी है। नए साल पर कई शहरों में दिन का तापमान भी सीजन का सबसे कम रहा है। सोमवार को सबसे ठंडा दिन गंगानगर में रहा, जहां का न्यूनतम तापमान 11.7 डिग्री सेल्सियस रहा वहीं राजधानी जयपुर में रविवार को सीजन का सबसे ठंडी रात रही, शहर का तापमान 7.6 डिग्री तक गिर गया।

मौसम केंद्र जयपुर में आगामी सप्ताह में शीत लहर की चेतावनी दी है। वहीं मौसम केंद्र जयपुर ने अलवर, भरतपुर, भीलवाड़ा, दौसा, धौलपुर, झुंझुनूं और हनुमानगढ़ के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

वहीं चूरू, बीकानेर, टोंक, सीकर, सवाई माधोपुर, करौली, कोटा में भी कोहरा रहने की संभावना जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। हिल स्टेशन माउंट आबू में लगातार दूसरे दिन भी तापमान जमाव बिंदु पर दर्ज हुआ।

जयपुर ग्रामीण, गंगानगर, हनुमानगढ़ के अलावा सीकर, झुंझुनूं, चूरू समेत कई जिलों में कोहरे की चपेट में रहे।

# CS पंत ने कार्यभार किया ग्रहण

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के प्रशासनिक मुखिया सुधांश पंत ने सोमवार को सचिवालय में विधिवत रूप से कार्यभार संभाल लिया। रविवार को राज्य सरकार ने आदेश जारी कर पंत को मुख्य सचिव नियुक्त किया था। बता दें कि, पंत 1991 बैच के आईएएस अफसर हैं। मुख्य सचिव पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद कुर्सी पर नहीं बैठे। वे शुभ मुहूर्त के अनुसार 12 बजे बाद कुर्सी पर बैठें। कार्यभार ग्रहण करने के बाद आईएएस एसोसिएशन ने मुलाकात कर शुभकामनाएं दी। इस दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष आईएएस समित शर्मा, उपाध्यक्ष कुंजीलाल मीणा, वैभव



गालरिया, प्रमुख सचिव हेमंत गेरा, संयुक्त सचिव अक्षय गोदारा सहित कई वरिष्ठ अफसर मौजूद रहें।

## 'सच बेधड़क' ने उठाया था मामला

# पूर्व DGP मिश्रा को तीन दिन बाद मिली गार्ड ऑफ ऑनर के बिना विदाई

- सिविल ड्रेस के कारण नहीं दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर
- कार्यक्रम में ADG, IG, एसपी व अन्य अफसर रहे मौजूद
- यूआर साहू ने शनिवार को संभाला था DGP पद का कार्यभार

**बेधड़क** | जयपुर

पूर्व डीजीपी उमेश मिश्रा की आखिरकार तीन बाद पुलिस मुख्यालय से विदाई की गई। हालांकि रिटायरमेंट लेने के तीन बीत गए थे, ऐसे में सिविल ड्रेस के कारण उनको गार्ड ऑफ ऑनर नहीं दिया गया। जबकि सालों से डीजीपी की विदाई के दौरान निभाई जा रही परम्परा कार को रस्सों से बांधकर उनको मुख्यालय के बाहर तक छोड़ने की निभाई गई। इस दौरान पुलिस मुख्यालय के सभी एडीजी, आईजी, एसपी व अन्य अधिकारी मौजूद थे। सच बेधड़क ने उमेश मिश्रा के वीआरएस लेने के बाद परम्परागत रूप से हर बार निभाई जाने वाले रस्म किए बिना ही उनको पुलिस मुख्यालय से विदा करने का मामला उठाया था। खबर प्रकाशित होने के बाद सोमवार को पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों ने मिश्रा का विदाई कार्यक्रम उचित समझा। हालांकि कार्यक्रम को लेकर पुलिस मुख्यालय के अफसरों में दो फाड़ हो गए थे।

कुछ अफसरों का कहना था कि तीन बाद वर्दी में मिश्रा को कैसे विदाई दे सकते हैं। बाद में कुछ अफसरों ने सिविल ड्रेस में मिश्रा की विदाई पर सहमति दी। तब जाकर अचानक उनके विदाई का कार्यक्रम तय किया गया।





डीजीपी साहू ने पदभार किया ग्रहण

गार्ड ऑफ ऑनर और कार को रस्सों से बिना खींचे ही मिश्रा PHQ से विदा

- मिश्रा ने एक दिन पहले VRS लेने के बाद ही छोड़ दिया था मुख्यालय
- चार साल बाद यूआर साहू की PHQ में फिर से एंट्री
- DGP बोले- महिला अपराध व बदमाशों पर अंकुश लगाना पहली प्राथमिकता

अपराधों पर नियंत्रण को प्राथमिकता

मिश्रा ने दिन में अफसरों के साथ की मीटिंग, CM के दिल्ली जाने के बाद VRS

### शुक्रवार को लिया था वीआरएस

डीजीपी पद से उमेश मिश्रा ने शुक्रवार रात को अचानक वीआरएस लिया था। चर्चा है कि उस दिन सीएम भजनलाल दिल्ली गए थे और उनके दिल्ली जाने के बाद मिश्रा ने वीआरएस लिया था। वीआरएस लेने के बाद सरकार ने होमगार्ड डीजी यूआर साहू को डीजीपी पद का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा था। इसके बाद शनिवार को साहू ने डीजीपी पद का कार्यभार संभाला था। शनिवार को साहू ने इसलिए कार्यभार संभाला था कि उनके कार्यकाल के उस दिन से छह माह बचे थे। ऐसे में कोर्ट के आदेशों के तहत नियमित रूप से डीजीपी पद पर रहने के लिए छह माह का कार्यकाल जरूरी होता है। ऐसे में उन्होंने कार्यभार संभाला था।

## जरूरी खबर

### रामकथा की कलश यात्रा में शामिल हुए ओम बिरला



**कोटा।** नए साल के अवसर पर कोटा में करीब 3 किमी लंबी कलश यात्रा निकाली गई। हजारों की संख्या में महिलाएं सिर पर कलश लेकर नाचते-गाते चली। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला भी सिर पर रामचरितमानस लेकर कलश यात्रा में शामिल हुए। कलश यात्रा मेजर ध्यानचंद स्टेडियम से शुरू होकर बसंत विहार मेन रोड से वक्फ नगर होते हुए छप्पन भोग परिसर पहुंचीं। यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। भाजपा नेता पंकज मेहता ने बताया कि मंगलवार से श्रीरामकथा शुरू होगी। इसमें अयोध्या के कथावाचक प्रेमभूषण महाराज कथा सुनाएंगे।

### कलेक्टर ने दरगाह एवं उर्स मेला क्षेत्र का किया निरीक्षण

**अजमेर।** ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह का सालाना उर्स 8 जनवरी से शुरु होगा। इसको लेकर जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित ने सोमवार को उर्स मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश प्रदान किए। कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित ने पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट के साथ उर्स मेले की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सुरक्षा और ट्रैफिक मैनेजमेंट की दृष्टि से उचित व्यवस्थाएं करने के आदेश दिए। नगर निगम को भी साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

### अयोध्या: प्रतिष्ठा में झाझड़िया भी होंगे शामिल



**चूरू।** दो ओलंपिक गोल्ड जीतने वाले, सर्वोच्च खेल पुरस्कार मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवार्ड विजेता पद्मभूषण देवेंद्र झाझड़िया भी 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे। सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय संपर्क प्रमुख श्याम मनोहर, क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय महामंत्री प्रसाद महानकर, क्रीड़ा भारती के सह मंत्री रामानंद चौधरी, मेघ सिंह और संघचालक डॉ. इंद्रेश ने झाझड़िया के जयपुर स्थित निवास पर मिलकर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आने का न्योता दिया। इस दौरान झाझड़िया ने कहा कि 500 वर्ष बाद यह स्वर्णिम क्षण आया है, यह हर भारतीय का सपना था।

---

**बीस लाख से अधिक साधक एक माह तक करेंगे विशेष योग साधना, परमात्म मिलन समारोह से हुई शुरुआत**

# ब्रह्माकुमारी संस्थान 140 देशों में मनाएगा 'तपस्या माह'

**बेधड़क | सिरोही**




ब्रह्माकुमारी संस्थान के 140 से अधिक देशों में स्थित सेवाकेंद्रों पर नववर्ष के साथ ही योग-साधना का दौर शुरू हो गया है।

संस्थान के 8 हजार से अधिक सेवाकेंद्रों पर 20 लाख से ज्यादा साधक पूरे जनवरी माह अपनी आध्यात्मिक उन्नति के लिए तड़के तीन बजे से ध्यान-साधना करेंगे। माउंट आबू के मुख्यालय शांतिवन में नव वर्ष की पूर्व संध्या पर परमात्म मिलन समारोह में दिल्ली और आगरा से 20 हजार से अधिक लोग पहुंचे। इन साधकों ने ब्रह्ममुहूर्त में राजयोग मेडिटेशन के साथ पहले दिन की शुरुआत की। कार्यक्रम में मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी ने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए ब्रह्मा बाबा द्वारा बताए गए नियम, मर्यादाओं एवं शिक्षाओं का पालन करने का संकल्प लेने को प्रेरित किया।

संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी बीके मुन्नी दीदी ने कहा कि हर साल नया वर्ष नई उम्मीदें, नई उमंग और उत्साह लेकर आता है। यहां से सभी अपने जीवन को श्रेष्ठ और महान बनाने के लिए शुभ संकल्प लेकर जाएं। परमात्मा की शक्ति, मदद से वह जरूर पूरा होगा। महासचिव राजयोगी बीके निर्वैर भाई ने नए साल पर नकारात्मक संकल्पों, व्यर्थ के बोझ से खुद को दूर रखकर खुशहाल जीवन जीने की साधकों को प्रेरणा दी।

### 31 जनवरी तक चलेगी योग-साधना

ब्रह्माकुमारीज संस्थान में हर वर्ष जनवरी को 'तपस्या माह' के रूप में मनाया जाता है। इसके तहत संस्थान के सभी सेवा केंद्रों पर 1 से 31 जनवरी तक विशेष योग-तपस्या के आयोजन किए जाते हैं। 18 जनवरी 1969 को संस्थापक ब्रह्मा बाबा ने योग-साधना से संपूर्णता की स्थिति को प्राप्त कर अव्यक्त हुए थे। तब से लेकर संस्थान के सभी सेवाकेंद्रों पर हर वर्ष जनवरी माह में बाबा की शिक्षाओं को याद करते हुए उन्होंने जो अपनी तपस्वी जीवन से आदर्श स्थापित किए हैं उन पर चलने का सभी साधक प्रयास करते हैं। इस दौरान नए साधक योग-साधना के नियम और तरीकों के बारे में जानकर उनका अभ्यास करते हैं।

### साधना से ही मन पर नियंत्रण संभव

नववर्ष के मौके पर आयोजित परमात्म मिलन समारोह में विभिन्न वक्ताओं ने योग-साधना पर अपने विचार प्रकट किए। वक्ताओं ने कहा कि योग और ध्यान साधना के माध्यम से मन और इंद्रियों पर नियंत्रण संभव है। योग से शरीर निरोग रहता है और ध्यान से मानसिक शांति की प्राप्त होती है। विषय-विकारों में मन के भटकने की परेशानी से भी ध्यान साधना हमें निजात दिलाती है। परमात्मा प्राप्ति के मार्ग पर साधना का विशेष महत्व है। इस मौके पर संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी बीके संतोष दीदी, राजयोगिनी बीके शशि दीदी, अतिरिक्त महासचिव राजयोगी बीके बृजमोहन भाई, मीडिया निदेशक बीके करुणा भाई, कार्यकारी सचिव बीके मृत्युंजय भाई, ओआरसी की निदेशिका बीके आशा दीदी सहित बड़ी संख्या में साधक मौजूद रहे।

---

**दोनों देशों के सैनिक आज से जैसलमेर में करेंगे संयुक्त युद्धाभ्यास**

# 'डेजर्ट साइक्लोन' में नजर आएगा भारत और यूएई का युद्ध कौशल

## शहरी ऑपरेशंस में अपनी क्षमताएं बढ़ाने के सीखेंगे बेहतर तरीके

**बेधड़क | जैसलमेर**

भारत और यूएई की सैनाओं का संयुक्त युद्धाभ्यास 2 से 15 जवनरी तक जैसलमेर में शुरु होगा। इसे इस युद्धाभ्यास को 'डेजर्ट साइक्लोन' नाम दिया गया है।

14 दिन चलने वाले इस संयुक्त सैन्य अभ्यास में दोनों देशों के सैनिक अपनी सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने का अभ्यास करेंगे। भारतीय सेना के अतिरिक्त जन सूचना महानिदेशालय (एडीजीपीआई) की ओर से साझा की गई सूचना के अनुसार भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) संयुक्त सैन्य अभ्यास 'डेजर्ट साइक्लोन' की शुरुआत करने जा रहे हैं। ये वॉर एक्सरसाइज दोनों देशों के बीच काफी अहम मानी जा रही है, क्योंकि इस दौरान दोनों देशों की सेनाएं शहरी ऑपरेशंस में अपनी क्षमताएं बढ़ाने के लिए एक-दूसरे के सबसे बेहतर तरीके शेयर करेंगे और सीखेंगे। भारतीय सेना के अतिरिक्त जन सूचना महानिदेशालय से मिली जानकारी के अनुसार दोनों देशों के संबंध मित्रतापूर्ण हैं और दोनों सांस्कृतिक, धार्मिक और आर्थिक संबंध साझा करते हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार रक्षा उपकरणों का प्रोडक्शन व डेवलपमेंट, सैन्य बलों का संयुक्त अभ्यास, नौसेना अभ्यास, रणनीति व सिद्धांतों पर जानकारी साझा करना और इंटरमीडिएट जेट ट्रेनर में तकनीकी सहयोग डिफेंस की फील्ड में द्विपक्षीय सहयोग के संभावित क्षेत्र होते हैं।



### 1972 में शुरू हुए थे राजनयिक संबंध

दोनों देशों के बीच डिप्लोमैटिक संबंधों की शुरुआत साल 1972 में हुई थी। यूएई ने 1972 में दिल्ली में अपना दूतावास शुरू किया था। वहीं, भारत ने अबुधाबी में साल 1973 में अपना दूतावास खोला था। द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ दोनों देशों के बीच रक्षा संबंध भी बीते दिनों में काफी मजबूत हुए हैं। इसे देखते हुए इस अभ्यास को काफी अहम माना जा रहा है।

### 2008 में किया था पहला संयुक्त युद्धाभ्यास

भारत और यूएई के बीच पहला संयुक्त एयर फोर्स अभ्यास सितंबर 2008 में अबुधाबी के अल-धफरा बेस पर आयोजित हुआ था। इसके साथ ही अबुधाबी में होने वाली द्वि-वर्षीय इंटरनेशनल डिफेंस ऐग्जीबिशन में भारत हिस्सा लेता आ रहा है। जैसलमेर में मंगलवार से शुरु होने वाले युद्धाभ्यास को भारतीय सेना ने दोनों ही देशों के लिए काफी महत्वपूर्ण बताया है। दोनों देशों की नौसेनाएं भी नियमित तौर पर गतिविधियों में शामिल रही हैं। दरअसल, बीते कुछ सालों में भारत और यूएई के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग खासा मजबूत हुआ है। रेग्युलर एक्सचेंज प्रोग्राम के अलावा डिफेंस ट्रेनिंग और डिफेंस इन्वेंटरी की सप्लाई के मामले में दोनों देशों के संबंध काफी बेहतर हुए हैं।

### इजराइल-हमास युद्ध को देखते हुए अभ्यास महत्वपूर्ण

सूत्रों ने बताया कि हाल ही में इजराइल-हमास युद्ध को देखते हुए इस युद्धाभ्यास को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। शहर में अगर दुश्मन घुस आए तो उससे किस तरह से निपटा जाए। आतंकी कहीं छिपे हैं तो उनसे किस तरह तकनीक का सहारा लेकर उनको खत्म किया जाए। आसमान से ही घरों में छिपे दुश्मन को नेस्तनाबूद करना, रणनीति व सिद्धांतों पर जानकारी साझा करना आदि कई तरह के शहरी ऑपरेशन इस दौरान किए जाएंगे। ताकि यदि दोनों में देशों में इस तरह के हालात बने तो उससे किस तरह से निपटा जाए। इसी रणनीति पर दोनों सेनाएं अपना-अपना युद्ध कौशल साझा करेंगी।

---

**चार बदमाशों ने की वारदात**

# ज्वेलर भाइयों की बाइक रोकी, फायरिंग कर 20 लाख के जेवरात लूटे



**बेधड़क | भीलवाड़ा**

जिले में दो ज्वेलर भाइयों से लूट का मामला सामने आया है। बाइक सवार चार बदमाशों ने दोनों भाइयों को गोली मारी और सोने चांदी के जेवरात से भरा बैग लूटकर फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार, गुलाबपुरा थाना क्षेत्र में सोना-चांदी के कारोबारी महावीर सोनी के दो बेटे रवि और विनोद और साथी महेंद्र पुत्र राजेश्वर वैष्णव बाइक और मोपेड से रूपाहेली भट्टा से टोकरवाड़ जा रहे थे। विनोद और महेंद्र एक बाइक पर सवार थे। वहीं उनके पीछे मोपेड पर रवि आ रहा था। इस दौरान अमरपुरा-भड़ाना का खेड़ा के पास पल्सर बाइक पर आए 4 बदमाशों ने महेंद्र-विनोद की बाइक को रोककर बाइक को लात मारी और दोनों को नीचे गिरा दिया। उनके पास सोने-चांदी का बैग था, जिस लूटकर बदमाश भागने लगे। तभी पीछे आ रहे बड़े भाई रवि बदमाशों से भिड़ गया। बदमाशों ने रवि के हाथ पर फायर कर दिया। इसके बाद लुटेरों ने विनोद पर भी फायर किया, लेकिन गोली उसके कंधे के पास से निकली। महेंद्र के हाथ-पैर में चोट आई।

### 300 ग्राम सोना, 2 किलो चांदी लूटी

वारदात की जानकारी मिलने पर पुलिस हॉस्पिटल पहुंची और वारदात की जानकारी जुटाई। लूट के बाद पुलिस ने जिले में नाकाबंदी कराई और लुटेरों की तलाश में जुट गई। घायल रवि ने बताया की बदमाश रेकी कर उनके पीछे लग गए और मौका देख सुनसान जगह पर वारदात को अंजाम दिया। रवि के पास बैग में करीब 20 लाख रुपए के जेवरात थे। इनमें 300 ग्राम सोना और 2 किलो चांदी रखी हुई थी। जिसे लुटेरे लेकर भाग गए। पुलिस अज्ञात बदमाशों की तलाश में जुटी है।

---

**गरीब नवाज से देश-प्रदेश में खुशहाली की मांगी दुआ**

# राधास्वामी सत्संग प्रमुख ने दरगाह में गरीब नवाज को पेश की चादर

**बेधड़क | अजमेर**

राधा स्वामी सत्संग के प्रमुख गुरिंदर सिंह ढिल्लो सोमवार को नव वर्ष के पहले दिन अजमेर स्थित ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह में हाजिरी लगाने पहुंचे।

उन्होंने कड़ी सुरक्षा के बीच अकीदत के फूल और मखमली चादर पेश की। उन्होंने गरीब नवाज से देश-दुनिया में अमन चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। ढिल्लो ने दरगाह में कव्वाली भी सुनी



और बाबा फरीद के चिल्ले पर भी विशेष दुआ मांगी। खादिम सैयद सलमान चिश्ती ने उन्हें जियारत करवाकर तबर्रुक भेंट किया।

अंजुमन की ओर से गुरिंदर सिंह ढिल्लो की दस्तारबंदी कर इस्तकबाल किया। दरगाह से सड़क मार्ग के जरिए गुरिंदर सिंह ढिल्लो तबीजी स्थित सत्संग स्थल पहुंचे जहां उन्होंने सत्संग में श्रद्धालुओं को प्रवचन दिए।

---

**अंतिम चरण में चल रहा निर्माण कार्य, शाहपुरा में बढ़ेगी चिकित्सा सुविधा**

# जल्द मिलेगी जिला अस्पताल की सौगात

**बेधड़क | शाहपुरा**

नव वर्ष 2024 में शाहपुरा को जिला अस्पताल की सौगात मिलेगी। इसका निर्माण कार्य अब अंतिम चरण में है और पूरा होते ही इसे जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। वर्ष 2023 में शाहपुरा में सरकार ने सैटेलाइट हॉस्पिटल को जिला चिकित्सालय में क्रमोन्नत कर दिया था।

आईएएस वैभव गालरिया के प्रयासों से इसके निर्माण के लिए राशि स्वीकृत होते ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया जो अगले तीन महीने में पूरा होने की संभावना है। दो मंजिला बनने वाले इस जिला चिकित्सालय भवन को ओपीडी ब्लॉक, मुख्य प्रवेश एवं आपातकालीन सेवा के तीन भागों में बांटा गया है। चिकित्सालय बनने के बाद उद्घाटन होने तक यहां स्वीकृत सभी 36 चिकित्सकों के पदों को भरने का कार्य किया जाएगा। विधायक लालाराम बैरवा ने बताया कि जिला चिकित्सालय का उद्घाटन समारोह पूर्वक कराया जाएगा। चिकित्सकों के पदों पर भर्ती करने के साथ ही विशिष्ट सेवाओं के चिकित्सकों को भी लगाया जाएगा। वर्तमान में केवल 11 चिकित्सक ही सेवाएं दे रहे हैं। इसमें बैड संख्या तथा ट्रोमा वार्ड बनाने के साथ ही चिकित्सकों के क्वार्टर बनाने, पुराने भवन में मातृ शिशु कल्याण केंद्र खोले जाने की भी योजना स्वीकृत कराई जाएगी।



शाहपुरा में सैटेलाइट चिकित्सालय की घोषणा के समय राजपरिवार की ओर से खाली पड़े भूखंड सरकार को सशर्त भेंट किए गए थे कि इनके विक्रय से प्राप्त राशि का उपयोग भवन निर्माण तथा बाद में चिकित्सालय संचालन के लिए किया जाएगा।

---

**रोडवेज व निजी वाहन चालकों का प्रदर्शन**

# केंद्र के हिट एंड रन कानून के खिलाफ प्रदेशभर में उठे विरोध के स्वर

**बेधड़क | जयपुर**

केंद्र सरकार की ओर से लाए गए हिट एंड रन कानून का सोमवार को प्रदेशभर में विरोध जताया गया। ट्रक और ट्रैक्टर ड्राइवरों ने प्रदेश के कई जिलों में विरोध प्रदर्शन कर इस कानून को वापस लेने की मांग उठाई। इस दौरान कहीं हाईवे जाम किया गया तो कहीं धरना देकर विरोध जताया गया। गौरतलब है कि इस कानून में भारी जुर्माने और सजा का प्रावधान रखा गया है, जिसके खिलाफ विरोध के स्वर उठ रहे हैं।



### जयपुर-अजमेर रूट पर 300 बसें हुई प्रभावित

कानून के विरोध में बस व ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल का असर जयपुर में भी देखा गया। जयपुर-अजमेर रूट पर चक्काजाम किए जाने से सिंधी कैंप बस स्टैंड बसें खड़ी रही। वहीं चक्का जाम से करीब 300 बसें जयपुर नहीं पहुंच पाई। साथ ही वीकेआई 14 नंबर रूट पर ट्रक व बस ड्राइवरों ने विरोध प्रदर्शन किया। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जयपुर ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर एसोसिएशन की ओर से बैठक आयोजित कानून को लेकर रणनीति तैयार की गई। अध्यक्ष सतीश जैन ने कहा अगर यह कानून लागू होता है तो ट्रांसपोर्ट इंडस्ट्री व ट्रैवल इंडस्ट्री बर्बाद के कगार पर आ जाएगी।

### भरतपुर: रोडवेज व निजी वाहनों का 'चक्का जाम'

हिट एंड रन कानून में किए गए नए प्रावधानों के खिलाफ भरतपुर के रोडवेज और प्राइवेट बस चालकों ने चक्का जाम हड़ताल कर दी। रोडवेज की करीब 150 से अधिक बसें, 100 से अधिक निजी बस व वाहनों के पहिए थम गए। शहर के हीरादास बस स्टैंड पर सड़क पर जाम लगाकर चालक हड़ताल पर बैठ गए। चालकों की मांग है नए प्रावधान वापस लिए जाए अन्यथा हड़ताल जारी रहेगी। वहीं, हड़ताल की वजह से यात्रियों को गंतव्य तक नहीं पहुंचने में परेशानी का सामना करना पड़ा। रोडवेज बस यूनियन के संभाग अध्यक्ष दलवीर सिंह ने बताया कि सरकार को यह नया प्रावधान वापस लेना चाहिए। सरकार को दुर्घटना के समय खुद घायलों और वाहन चालकों की मदद के लिए आगे आना चाहिए।

### जोधपुर: रास्ता जाम कर जताया विरोध

केंद्र सरकार के नए मोटर व्हीकल कानून को लेकर ट्रक और ट्रैक्टर चालकों ने प्रदर्शन किया। थानाधिकारी हुकम सिंह ने बताया ट्रक और ट्रैक्टर चालकों ने पाल बाईपास चौराहे पर रास्ता का जाम लगा दिया। ड्राइवरों का कहना है कि हादसा होने की स्थिति में यदि वह रुके रहें तो भीड़ के विरोध का सामना करना पड़ेगा।

### धौलपुर: केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी

केंद्र सरकार के कानून के खिलाफ धौलपुर में बस-ऑपरेटरों ने सोमवार सुबह में ही रोडवेज बस स्टैंड पर चक्का जाम कर दिया। रोडवेज कर्मियों की हड़ताल के बाद चालक-परिचालकों ने रोडवेज व अनुबंध पर चल रही प्राइवेट बसों को रोका। रोडवेज बस स्टैंड पर चक्का जाम कर कार्मिकों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

### सवाई माधोपुर: ड्राइवरों ने ज्ञापन सौंप किया प्रदर्शन

सवाई माधोपुर में भी हिट एंड रन कानून का विरोध देखने को मिला। ट्रक यूनियन, बस यूनियन, टेम्पो यूनियन सहित बस ट्रक एवं अन्य वाहन चलाने वाले वाहन चालकों ने कलेक्ट्रेट के समक्ष जमकर विरोध-प्रदर्शन किया और कानून वापस लेने व कानून में सुधार की मांग को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

### अजमेर: कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

हिट एंड रन कानून के विरोध में ट्रक और ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। संगठन से जुड़े कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर कलेक्टर को प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और परिवहन मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ट्रक और ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष उमरावसिंह यादव ने बताया कि हादसे के बाद ड्राइवर घटनास्थल पर रहते है तो जनता उन्हें पीट-पीट कर मार देगी।



फोटो: पंकज शर्मा


- जश्न के बाद नए साल की देव दर्शन से की गई शुरुआत
- साल के पहले दिन अपने इष्ट देव की शरण में पहुंचे शहरवासी

# हे गोविंद, साल भर म्हांको ध्यान राखजो थांकी कृपा बरसाता रहीजो

## मंदिरों में रही श्रद्धालुओं की भीड़, गोविंददेव जी मंदिर में भक्तों का सैलाब, दर्शन कर नववर्ष में सुख-समृद्धि की कामना की

**बेधड़क | जयपुर**

मघा नक्षत्र व कन्या लग्न में नववर्ष 2024 का शुभारंभ हो गया। इस बार नववर्ष पर प्रीति और आयुष्मान योग के साथ कुमार योग का विशेष संयोग भी बना है। इस दौरान शहरवासी भी नए साल के पहले दिन अपने आराध्य के दर्शन के लिए मंगला झांकी से ही ठाकुरजी के दर्शनों के लिए भक्त मंदिरों में पहुंच गए। शहर के आराध्य गोविंददेवजी और प्रथम पूज्य मोती डूंगरी गणेशजी के दर्शनों के लिए सुबह से ही मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ती रही। गोविंद देव जी में तो मंदिर राधे—राधे व गोविंददेवजी के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान श्रद्धालु भगवान की एक झलक पाने के लिए आतुर दिखे। वहीं ठाकुरजी के दर्शनों के लिए लोगों के साथ कई राजनेता और अधिकारी भी दर्शन करने पहुंचे। लोगों ने यहां नए साल में परिवार की खुशहाली और सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस दौरान पूरे शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या भी रही। मंदिर में भक्तों की भीड़ को देखते हुए विशेष सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए।



### देवालयों के बाहर भक्तों की कतार

मोती डूंगरी गणेशजी मंदिर में भी सुबह से ही भक्त गजानन के दर्शन करने पहुंचे। कुछ लोग परिवार सहित मंदिर में गणेशजी महाराज के दर्शनों के लिए पहुंचे। मंदिर में सुबह से ही गजानन के जयकारें गूंज उठे। अलसुबह से ही मंदिर के बाहर भक्तों की कतारें लगी नजर आई। मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए। बाहर अलग-अलग कतारों की व्यस्था की गई है।

### सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ

शहर के अन्य मंदिरों में मध्यरात्रि में सुंदरकांड पाठ और हनुमान चालिसा के भी आयोजन हुए। कुछ जगहों पर पोषबडा महात्सव भी मनाया गया। बाबा हरिश्चंद्र मार्ग पर डबल शंकर महादेव मंदिर में पोषबड़ा प्रसादी का आयोजन किया गया। आयोजक शरद खण्डेलवाल ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी बाबा का भव्य श्रृंगार किया और भक्तों को बैठाकर पोष बड़े-हलवे की प्रसादी खिलाई गई।





### मोती डूंगरी गणेश जी को दिया न्योता

वहीं 22 जनवरी को श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए विश्व हिंदू परिषद ने सोमवार को मोती डूंगरी स्थित श्री गणेश मंदिर में निमंत्रण दिया गया। विश्व हिंदू परिषद् के क्षेत्रीय मंत्री सुरेश उपाध्याय, प्रांत उपाध्यक्ष सुभद्र पापड़ीवाल, प्रांत संगठन मंत्री राधेश्याम, प्रांत मंत्री अशोक डीडवानिया, प्रांत सह मंत्री विवेक दिवाकर सहित कई कार्यकर्ताओं ने पीले चावल और महंत कैलाश शर्मा को निमंत्रण पत्र सौंप कर प्रथम पूज्य को आमंत्रित किया।

### दिनभर खुला कृष्ण बलराम मंदिर

जगतपुरा अक्षय पात्र स्थित श्रीकृष्ण बलराम मंदिर में भी सुबह से ही भक्त दर्शन करने पहुंच रहे है। भगवान श्रीकृष्ण बलराम के विशेष झांकी सजी। मंदिर आज भक्तों के लिए दिनभर खुला रहेगा। यहां भक्त दिनभर ठाकुरजी के दर्शन कर सकेंगे। यही नजारा झारखंड महादेव मंदिर, नहर की गणेश मंदिर और काले हनुमान मंदिर में भी नजर आया। भक्त अपने इष्ट के दर्शनों के लिए सुबह से ही कतार में लगे रहे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप**

## पार्टी करने गए युवक की हुई मौत

**बेधड़क | जयपुर**

शहर के जगतपुरा इलाके में न्यू ईयर की पार्टी करने गए एक युवक की संदिग्ध मौत हो गई। मॉल की लिफ्ट के पास बेसमेंट में युवक का शव मिला। परिजनों ने युवक को धक्का देकर नीचे गिराकर मारने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मॉल के हर फ्लोर पर चेक किया, लेकिन कोई सबूत नहीं मिले हैं। फिलहाल पुलिस ने शव को महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है, जहां मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा। शिवदासपुरा थाने के सीआई दौलतराम गुर्जर ने बताया कि सतीश बैरवा रविवार रात को दोस्तों के साथ न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए निकला था। वह अपने दोस्तों के साथ जगतपुरा रोड पर अक्षयपात्र के पास वीवा सिटी मॉल पहुंचा था, जहां 8वीं मंजिल पर रूफ टॉप पर न्यू ईयर सेलिब्रेशन पार्टी चल रही थी। लेट नाइट तक चली पार्टी के जश्न में डूबे दोस्तों को सतीश का ध्यान नहीं रहा। सुबह जब सतीश घर नहीं पहुंचा तो दोस्त उसे देखने के लिए वापस मॉल पहुंचे। यहां उनको सतीश की मौत की जानकारी मिली। उधर, सूचना पर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और FSL की मदद से जांच की। परिजनों ने आरोप लगाया कि सतीश की हत्या की गई है। उसे लिफ्ट के पास खाली जगह में छत से नीचे गिराकर मारा गया है। वहीं युवक की मौत की जानकारी मिलने के बाद मॉल में पार्टी का आयोजन करने वाले नदारद हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**स्टेशन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन**

## जयपुर जंक्शन के इतिहास को दर्शाया

**बेधड़क | जयपुर**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर स्टेशन महोत्सव योजना के अंतर्गत देशभर में स्टेशनों का स्थापना दिवस कार्यक्रम मनाया जा रहा है। इसके तहत जयपुर मंडल के स्टेशनों पर भी स्टेशन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर सोमवार को स्काउट एंड गाइड ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। महोत्सव कार्यक्रम सांसद रामचरण बोहरा और विधायक गोपाल शर्मा व हेरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर की उपस्थिति



में मनाया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्ति वरिष्ठ रेल कर्मचारियों व अधिकारियों को माला पहना कर सम्मानित किया गया। इस अवसर मंडल रेल प्रबंधक विकास कुमार पुरवार, अपर मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गोयल व संजीव दीक्षित, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कृष्ण कुमार मीणा,जयपुर जंक्शन प्रबंधक मिहिर देव, मंडल वाणिज्य प्रबंधक विपिन कुमार शर्मा सहित स्टेशन पर कार्यरत रेलवे स्टाफ, स्कूल छात्र छात्राएं, बच्चे, रेल यात्री और आमजन मौजूद रहे।

### कार्यक्रम से पीएम की फोटो नदारद

जयपुर जंक्शन पर स्टेशन महोत्सव कार्यक्रम में पीएम मोदी की फोटो नहीं दिखने पर सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने डीआरएम सहित रेलवे अधिकारियों को लताड़ लगाई। इसके बाद सांसद रामचरण बोहरा ने भी विधायक गोपाल शर्मा की बात का समर्थन किया। बोहरा ने कहा कि स्टेशन पर पीएम मोदी के विकास का विजन दिखना चाहिए। पीएम मोदी का फोटो उनके द्वारा दिए स्वच्छता और विकास के कोट के साथ यहां लगना चाहिए। सांसद बोहरा ने डीआरएम से जल्द ही फोटो लगाने को कहा।

**22 जनवरी को जयपुर में दिखेगी अयोध्या की छवि**

# पांच लाख दीपक से जगमग होगा जयपुर, नगर निगम मनाएगा 'रामोत्सव'

**बेधड़क | जयपुर**

आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। वहीं ग्रेटर नगर निगम ने शहर रामोत्सव महोत्सव मनाने का निर्णय लिया है। रामोत्सव में 22 जनवरी को पांच लाख दीयों से शहर को जगमग किया जाएगा और मंगलवार से 21 दिन तक विभिन्न जगहों पर धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। सोमवार को ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने समिति अध्यक्षों, पार्षदों, निगम अधिकारियों, जोन एवं मुख्यालय उपायुक्तों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने 22 जनवरी तक मिशन मोड़ पर सफाई अभियान चलाकर रामोत्सव का आयोजन करने के निर्देश दिए।



### गली-मोहल्लों में भी होगी विशेष सफाई

महापौर गुर्जर ने बताया कि रामलला आने वाले है इसलिए जयपुर शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने का हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए। इसके लिए सामाजिक संगठनों, धर्मगुरुओं, व्यापार मण्डलों, विकास समितियों का सहयोग लिया जाएगा। महापौर ने बताया कि रामलला के आने में अभी 21 दिन शेष है इसलिए मिशन मोड पर स्वच्छता अभियान चलाकर जयपुर शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के लिए न केवल मुख्य मार्गो बल्कि गली, मौहल्लों की भी सफाई की जाएगी। इसके लिए माइक्रो मैनेजमेंट कर समन्वय से कार्य किया जाएगा।

### आज होगी स्टेच्यू सर्किल की सफाई

महापौर गुर्जर ने बताया कि मंगलवार को नगर निगम ग्रेटर क्षेत्र में लगी हुई सभी महापुरूषों की स्टेच्यू और आस-पास की सफाई की जाएगी। इसके साथ ही तीन जनवरी को सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों के परिसर की सफाई की जाएगी। 4 जनवरी को नगर निगम ग्रेटर क्षेत्र में आने वाले सभी पार्को की सफाई की जाएगी। इसके लिए भी जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जाएगा। सभी प्रमुख चौराहों पर रंगोली बनाई जाएगी और दीये जलाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त 21 दिनों में विभिन्न स्थानों पर सुंदरकांड के पाठ आयोजित होंगे और जगह-जगह भी संगोष्ठिया भी आयोजित की जाएगी। साथ ही प्रमुख धार्मिक स्थलों पर अस्थाई रोशनी भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि रामोत्सव में श्रेष्ठ भूमिका निभाने वाले जनप्रतिनिधियों, अधिकारी, कर्मचारी को पुरस्कृत किए जाएगा। बैठक में लोकवाहन समिति अध्यक्ष विनोद चौधरी, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति के रामकिशोर प्रजापत, अभय पुरोहित, रामस्वरूप मीणा, विद्युत एवं सार्वजनिक प्रकाश समिति की अध्यक्ष रश्मि सैनी, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन एनयूएलएम समिति अध्यक्ष अर्चना शर्मा, उपायुक्त स्वास्थ्य नवीन भारद्वाज सहित जोन एवं मुख्यालय उपायुक्त, अधिशाषी अभियन्ता, सीएसआई और एसआई मौजूद रहे।

# चरित्र प्रमाण पत्र पर निर्भर महिलाओं का सम्मान



**लिजा चंदेल**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

एक ऐसा संवेदनशील विषय जो पुरातनकाल से वर्तमानकाल तक महिलाओं की गरिमा पर बढ़े सवाल उठाता आया है। सशक्त महिला सशक्त भारत की बात अक्सर समाज में की जाती है पर वह बातें कितनी खोखली है, वो आज भी समाज की ही महिलाएं कई बार अपने किस्से कहानियों में बिलखती और नम आंखों से बताती नजर आ ही जाती है। इस झूठ को नजरंदाज नहीं किया जा सकता की वर्तमान में महिला सशक्तीकरण का तबला बजाने वाले ही अक्सर समाचार पत्रों की हेडलाइन में महिला उत्पीड़न से जुड़े सवालों के कटघरे में नजर आते हैं। आज भी समाज केवल किताबों तक महिलाओं को सशक्त दिखा पाया है, लेकिन उसके दूसरे छोर पर देखें तो आज भी महिलाएं समाज में जीने और स्वयं का वजूद दिखाने के लिए अपने चरित्र का परिचय प्रमाण पत्र देने को बाध्य है। जिस गति से समाज आगे बढ़ रहा है उतनी ही गति से अधिकांश रूढ़िवादी विचारधारा का भी अंत होता दिखता है, किंतु महिलाओं को अपने चरित्र का प्रमाण पत्र देने की प्रथा का शायद ही कोई अंत होना संभव है, जिसका कारण स्वयं महिला के प्रति महिला की विचारधारा भी है और स्वयं महिला हो के पुरुषों की प्रधानता दिखाते हुए समाज की महिलाओं को हीन दृष्टि से देखना है।

किसी भी महिला को उसके वस्त्र वेशभूषा, रहन-सहन या उठने बैठने के तरीके, लड़के दोस्तों की लिस्ट या फिर हाइमन के आधार पर बिना विचार किए अपनी प्रतिक्रिया और विश्लेषण कर उसको चरित्रहीन कहना या चरित्र का आकलन करना कितना सही है, ये अभी तक पूछने वाले प्रश्नों की पंक्ति में कतारबद्ध हैं। वर्तमान आंकड़ों के हिसाब से बात करें तो भारत में हर दो मिनट में रेप का नया मामला आता है और एनसीआरबी के ताजा आंकड़ों के हिसाब से 5,408 मामलों के साथ 28 प्रदेशों में राजस्थान टॉप पर है, जहां रेप की वारदातें बढ़ी हैं, जिसमें नाबालिग और छह महीने की छोटी बच्चियों का नाम भी शामिल है। अब सवाल ये उठता है कि क्या वास्तविकता में एक छह माह की शिशु स्वयं का चरित्र प्रमाण पत्र देगी कि आखिर क्यों वो इस हिंसा का शिकार हुई और समाज उसे किस तराजू में तोल रहा है।

> “बदलते वक्त को देखते हुए समाज आगे भी बढ़ा है। उदाहरण के तौर पर समाज केवल एक ही रूढ़िवादी विचारधारा पर काम कर रहा था कि मुखाग्नि देने का अधिकार केवल पुरुषों के पास ही है। इसके साथ ही, पगड़ी की रस्म केवल पुत्रों के द्वारा ही अदा की जाती थी, अब उसमें भी बदलाव शुरू हो गया है। रिपोर्ट के आधार पर महिलाएं आगे बढ़ी और पुत्र के समान ही जिम्मेदारियां निभाते नजर आ रही हैं।”

हालांकि देश विकसित होने के सशक्त मार्ग पर है और महिलाओं को बराबर का दर्जा भी मिल रहा है और महिलाएं आगे बढ़ हर क्षेत्र में प्रगति करती नजर आ रही हैं। यदि कॉर्पोरेट क्षेत्र की बात की जाए तो प्रत्येक स्त्री, पुरुषों के बराबर जब अधिकार रख रही है तो पुरुषों के समान महिलाओं के मादक पदार्थों के सेवन या देर रात तक बाहर रहने पर उनके चरित्र पर सवाल उठाना उनके प्रति कतई न्याय नहीं है। वैसे, बदलते वक्त को देखते हुए समाज महिलाओं को आगे भी बढ़ा है। उदाहरण के तौर पर समाज केवल एक ही रूढ़िवादी विचारधारा पर काम कर रहा था कि मुखाग्नि देने का अधिकार केवल पुरुषों के पास ही है। साथ ही, पगड़ी की रस्म केवल पुत्रों द्वारा ही अदा की जाती थी, अब उसमें भी अपवाद स्वरूप ही सही, बदलाव हो रहा है।

रिपोर्ट के आधार पर महिलाएं आगे बढ़कर पुत्र के समान ही जिम्मेदारियां निभाती नजर आ रही हैं। चाहे परिवार का भरण-पोषण हो या फिर रूढ़िवादिता, नारी इन सब को पछाड़ती हुई वह आगे बढ़ रही है। यदि इस विषय को सिनेमा से जोड़कर देखा जाए तो सिनेमा जगत भी कहीं न कहीं अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ऐसे बहुत से धारावाहिक और मूवीज दी हैं, जो महिलाओं की समाज में वर्तमान स्थिति को बयां कर रही हैं। यदि इसका दूसरा पहलू देखें तो कई ऐसी कहानियां भी हैं जहां महिलाओं को मादक पदार्थों का सेवन करता दिखाया जाता है जो कहीं न कहीं एक महिलाओं की नकारात्मक छवि को दिखता है जो समाज पर गलत प्रभाव डालता है।

महिलाओं की टूटी हुई हाइमन ही महिलाओं के चरित्र का परिचय दे पाती है तो पुरुषों से भी समाज की समान अपेक्षाएं क्यों नहीं है? ये सोचने वाला बड़ा विषय और समाज और समाज की विचारधारा पर बड़ा प्रश्नचिह्न है। कुछ महानुभावों का कहना है की शिक्षा मनुष्य की मानसिकता को बदल देती है, लेकिन महिला उत्पीड़न, महिलाओं का चरित्र प्रमाण पत्र मांगने वाले ही उस सूची में अधिकतर नजर भी आने लगे हैं, जहां उन्हें बाहरी जीवन में महिलाएं तरक्की करती हुईं चाहिए, पर खुद के घर में वातावरण आज भी पुरुष प्रधान बनाने पर पुरजोर देते हैं। अपने घर की बेटी की शिक्षा को बढ़ावा देना, संस्कारों और नियम कानून के साथ उन्हें आगे बढ़ाना वे अपना कर्तव्य मानते हैं, परंतु अब बात आजादी की और एक सामनता की हो तो, बंदिशें पुत्रों की अपेक्षा पुत्रियों पर ही आज भी लागू है। अभी कुछ दिनों से टीवी पर एक कार्यक्रम प्रसारित हो रहा है ‘डोरी’ जो समाज में महिलाओं के भेद को खत्म करने को दर्शाता है। जहां एक नाबालिग बच्ची समाज की सोच व विचारधारा को बदलने की पुरजोर कोशिश कार्यक्रम के माध्यम से करती नजर आ रही है। अब सवाल यह उठता है कि क्या वास्तविकता में ये धारावाहिक और फिल्मी ज्ञान समाज को बदल पा रहा है या ये कहें कि आज पुरुष ही नहीं, अपितु महिलाएं ही महिलाओं का चरित्र प्रमाण पत्र मांग रही हैं। जबकि वे स्वयं एक शिक्षित परिवार से जुड़ी हैं और स्वयं शिक्षित हैं। यह समय वर्तमान परिप्रेक्ष को देखते हुए विचारधारा और सोच को विकासशील और विकसित करने का है, क्योंकि यही एकमात्र ऐसा जरिया है, जो वास्तविकता में देश को संसाधनों के आभाव में भी विकसित श्रेणी में ला सकती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

### राम का नाम बदनाम ना करो...

# सीता स्वेच्छा से भेजी गईं थी वन में



**राजेंद्र शर्मा**
वरिष्ठ पत्रकार

> “कुछ विद्वान बताते हैं कि वाल्मीकि रामायण के उत्तर कांड के 43वें सर्ग में भद्र (जिसे अन्यत्र धोबी बताया गया) का प्रसंग आता है। भद्र राम के सायंकालीन वार्तालाप के समूह में शामिल था। वह राम के बार-बार पूछने पर बताता है कि प्रजा में आपके वानर सेना पर नियंत्रण, समुद्र पर सेतु निर्माण व रावण वध जैसे महान कार्यों की प्रशंसा हो रही है, किन्तु लोगों को एक बात खटक रही है कि युद्ध के बाद श्रीराम सीता को घर क्यों ले आए? जबकि रावण उन्हें उठाकर ले गया था।”

भगवान श्रीराम हों या भगवान श्रीकृष्ण, एक चलन सा बन गया है कि उनके किसी कार्य को कटघरे में खड़ा किया जाए। वह भी अधूरे ज्ञान के चलते। यहां कहावत, ‘अधजल गगरी छलकत जाए’ कहें तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। सीता मैया के वनवास का वर्णन करते हुए भगवान श्रीराम को ऐसा दिखाना मानो उन्होंने अपराध किया और सीता मात को करुणा की पात्र बताना, दोनों ही सर्वदा अनुचित और अर्धसत्य का द्योतक है।

ऐसे लोग सवाल उठाते हैं कि अगर श्रीराम इतने ही आदर्श थे, तो सीता का एक धोबी कि बात सुनकर त्याग क्यों किया? क्या श्रीराम आदर्श पति के धर्म का निर्वहन करने में असफल रहे? सभी सनातनी वाल्मीकि रामायण को प्रामाणिक मानते हैं, तो देखें...

कहा जाता है कि “एक धोबी की निंदा और व्यंग्य से प्रेरित राम ने सीता माता का त्याग किया था। इस संदर्भ में पहली बात तो यह कि वाल्मीकि रामायण में कहीं भी ‘धोबी’ और उसके प्रसंग का उल्लेख तक नहीं है। हां, उत्तर कांड में त्रिचत्वारिंशः सर्गः में यह कथन है, जिसमें ‘भद्र’ के नाम का उल्लेख है। यह भद्र धोबी नहीं था। अतः यह तथ्य ही गलत है कि श्रीराम ने धोबी कि बात के कारण माता सीता का त्याग किया। वहीं, श्रीराम के सीता पर विश्वास नहीं होने की बात भी तर्कहीन और तथ्यहीन ही नहीं, कपोल कल्पित भी है। श्रीराम के सीता माता पर विश्वास का प्रमाण, वाल्मीकि रामायण के विभिन्न कांडों के सर्गों में मिलता है। अलबत्ता, यह भी सत्य है कि सीता का वनवास हुआ था, वह भी गर्भावस्था में।



यहां यह जानना जरूरी है कि यह बात वाल्मीकि रामायण के ‘उत्तर कांड’ के आधार पर कही गई है। इसके अतिरिक्त कहीं भी सीता त्याग का वर्णन नहीं है। यद्यपि भारतीय व पाश्चात्य विद्वानों का उत्तर कांड के बारे में मतभेद रहा है। कई विद्वान उत्तर कांड को वाल्मीकि के बाद का लेखन मानते हैं। हालांकि कई विद्वान इसे वाल्मीकि रचित ही मानते हैं। अब बात करें सीता के वनगमन या वनवास या कथित सीता त्याग की तो सनातन में यह माना जाता है कि जब पत्नी गर्भवती हो, तब उसकी इच्छा पूर्ण करना पति का धर्म होता है। उत्तर कांड के अनुसार, सीता मैया जब गर्भवती थीं, तब श्रीराम उनके पास गए पति धर्म का पालन करते हुए बोले...

***अब्रवीच्च वरारोहां सीतां सुरसुतोपमाम्।***
***अपत्यलाभो वैदेहि त्वय्ययं समुपस्थितः।***
***किमिच्छसि वरारोहे काम: किं क्रियतां तव।***
***(वाल्मीकि रामायण उत्तरकांड सर्ग 43 श्लोक 30 से सीता-राम वार्तालाप)***

अर्थात हे विदेहनन्दिनी, तुम्हारे गर्भ से पुत्र प्राप्त होने का समय है। ऐसे में तुम्हारी क्या इच्छा है? मैं तुम्हारा कौन-सा मनोरथ पूर्ण करूं?

तब इस पर सीता जी ने मुस्कराकर श्रीराम को उत्तर दिया...

***स्मितं कृत्वा तु वैदेही रामं वाक्यमथाब्रवीत्।***
***तपोवनानि पुण्यानि द्रष्टुमिच्छामि राघव।***
***गंगातीरोपविष्टानामृषीणामुग्रतेजसाम्।***
***फलमूलाशिनां देव पादमूलेषु वर्तितुम्।***

अर्थात् रघुनन्दन, मेरी इच्छा एक बार उस पवित्र तपोवन में जाने की हो रही है, जहां गंगा तट पर रहकर फल-मूल खाने वाले, तेजस्वी महर्षि हैं, वहीं रहना चाहती हूं, यही मेरी इस समय सबसे बड़ी अभिलाषा है। ***(वाल्मीकि रामायण उत्तरकाण्ड सर्ग 42 श्लोक 31 से 34)***

स्पष्ट है कि सीता की स्वेच्छा से श्रीराम ने उन्हें वन में छुड़वाया था। अतः सीता के वनवास का अर्थ राम का सीता त्याग नहीं है। अलबत्ता, कुछ विद्वान बताते हैं कि वाल्मीकि रामायण के उत्तर कांड के 43वें सर्ग में भद्र (जिसे अन्यत्र धोबी बताया गया) का प्रसंग आता है। भद्र राम के सायंकालीन वार्तालाप के समूह में शामिल था। वह राम के बार-बार पूछने पर बताता है कि प्रजा में आपके वानर सेना पर नियंत्रण, समुद्र पर सेतु निर्माण और रावण वध जैसे सभी महान कार्यों की प्रशंसा हो रही है, किन्तु लोगों को एक बात खटक रही है कि युद्ध के बाद श्रीराम सीता को घर क्यों ले आए? रावण सीता को उठाकर ले गया था। अब हमारी स्त्री भी पर पुरुष के घर जाकर आएगी तो वह सहना होगा, क्योंकि रानी सीता बलपूर्वक ही सही, लेकिन पर पुरुष के घर जाकर आई है। ***(वाल्मीकि रामायण, उत्तर कांड. सर्ग 43, श्लोक 14-21)***

अब बात करते हैं वाल्मीकि रामायण के उत्तर कांड आधार पर ही श्रीराम द्वारा सीता को गर्भावस्था में त्यागने के मिथक को चुनौती के साथ असत्य सिद्ध करने वाले विद्यावाचस्पति और काशी विद्वत्परिषद के अध्यक्ष एवं वेदभाष्यकार प्रो. हरिनारायण तिवारी के तर्कों की। प्रो. तिवारी कहते हैं-

***“सर्वत्र जयमिच्छेत पुत्रात् शिष्यात् पराजयम्।”***

अर्थात् मनुष्य हर जगह जय पाने की आकांक्षा करता है, किन्तु अपने पुत्र और शिष्य से पराजय ही पाना चाहता है, क्योंकि इससे वह गौरवान्वित होता है। भगवान श्रीराम और सीता मैया की इच्छा थी कि उनके पुत्र श्रीराम से भी अधिक शौर्यवान् हों।

इस आधार पर प्रो. तिवारी का यह मानना है कि सीता के वनगमन की इच्छा के पीछे यही उद्देश्य था। इसके लिए उनका अलग रहना, पुत्रों को राम से उनके रिश्ते का पता न लगना, ऋषि-मुनियों से शस्त्र और शास्त्र विद्या ग्रहण करें और जब उनकी शिक्षा पूर्ण हो जाए, तब उनकी परीक्षा हो, उसमें सफल रहने पर उनको बताया जाए कि वे अयोध्या नरेश श्रीराम के ही पुत्र हैं। अतः जब सीता माता ने भी वनगमन की इच्छा व्यक्त की तब श्रीराम ने कहा कि मैं कल ही आपको गंगा के किनारे स्थित वन में महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में भेज दूंगा। फिर, उन्होंने लक्ष्मण को बुलाकर भद्र द्वारा कही गई बात बताते हुए आदेश दिया कि अपकीर्ति हो रही है, अतः तुम प्रातः होते ही सीता को गंगा किनारे वाल्मीकि के आश्रम में छोड़ आओ।

इसके बाद वाल्मीकि के आश्रम में ही लव-कुश हुए। जब वे कुछ बड़े हुए तब त्रिलोकजयी रावण को परास्त कर निर्विवाद रूप से त्रिलोक के स्वामी बन चुके राजा राम ने अश्वमेध यज्ञ किया। इसके पीछे यही मंतव्य था कि पुत्रों की वीरता को परखा जाए। जब अश्वमेध का घोड़ा वाल्मीकि के आश्रम की ओर गया तो उसे बांध कर लव-कुश ने लक्ष्मण, भरत तथा शत्रुघ्न को सेना सहित पराजित कर दिया। राम युद्ध करने आए तब उनके मुखमंडल पर क्रोध या शत्रुभाव नहीं, अपितु परम संतोष का भाव था। पिता-पुत्र युद्ध करते उससे पहले ही सीता ने लव-कुश को श्रीराम का परिचय दिया, उन्होंने पुत्रों को पिता से मिलाया और स्वयं पृथ्वी में समा गईं। दरअसल, नारायण की लीला में यहीं उनकी भूमिका पूर्ण हो चुकी थी।

लब्बो लुआब यह कि सीता के वनवास को लेकर श्रीराम को दोषी बताना सर्वदा अनुचित हैं। वे तो मर्यादा पुरुषोत्तम थे, पतिव्रत धर्म पर चलने अतुलनीय प्रेम करने वाले पति थे। साथ ही, संतान के हित की सोच रखने वाले पिता भी थे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

### व्यंग्य

# एआई से जंबो मंत्रिमंडल का गठन



**सुनील कुमार महला**
व्यंग्यकार

रामलुभाया जी की पार्टी को चुनावों में जीत की जरा सी भी उम्मीद नहीं थी, फिर भी बंपर सीटों से उनकी पार्टी जीत गई। बंपर जीत के बाद पार्टी आलाकमान ने सर्वसम्मति से प्रधान मिनिस्टर तो बना दिया, अब मंत्रिमंडल गठन हेतु नामों पर मंथन जारी है। बताया जा रहा है कि मंथन करते हुए आलाकमान युवा व अनुभव का गठजोड़ करेंगे। यही वजह है कि मंत्रिमंडल गठन में समय लग रहा है। खैर, जो है सो है लेकिन हमने देखा है कि यह मंथन भी बड़ी चीज है। सबको मथकर रख देता है। वास्तव में, मथने में वाकई बड़ी माथापच्ची है। हमने सुना है कि जब दही को मथते हैं तो घी निकलता है, लेकिन जब जीते हुए उम्मीदवारों को मथते हैं तो मंत्रिमंडल निकलता है। वैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस जमाने में तकनीक को मंत्रिमंडल गठन हेतु काम में लेना चाहिए। ये मंत्रिमंडल गठन हेतु गहन विचार-विमर्श, मथना-वथना कल की बात हो गई। इतना कौन मथे और इतना कौन पचे (माथापच्ची करना)?

अजी! एआई का इस्तेमाल करने का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि इससे न तो कोई वरिष्ठ नेता नाराज होंगे और न ही किसी के बागी-सागी होने का खतरा ही पार्टी आलाकमान को सतायेगा। अब देखिए न कि प्रधान मिनिस्टर जी को भी बार बार मंत्रिमंडल के गठन के लिए राजधानी के लिए दौरे पर दौरा करने पड़ रहे हैं। बड़ी समस्या है, न तो मंत्रिमंडल की संख्या ही तय हो पा रही है और न ही चेहरे। तोताराम जी कहते हैं कि जब एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) तकनीकी यह तक बता सकती है कि फलां-फलां आदमी कितनी उम्र तक जिएगा? भविष्य में क्या होगा और क्या नहीं? भूकंप आयेगा, बाढ़ आएगी या सुनामी। बारिश होगी या सूखा। अजी जब एआई भाषा अनुवाद कर सकती है, इमेज रिक्गनिशन (पहचान) कर सकती है, वित्तीय धोखाधड़ी का पता लगा सकती है, वायस असिस्टेंट का काम कर सकती है, खुद सोच सकती है, समझ सकती है, कार्य कर सकती है तो इस एआई का इस्तेमाल ‘मंत्रिमंडल गठन’ में भला क्यों नहीं किया जा सकता है? आजकल पार्टी आलाकमान एक नाम तय करने में ही आठ दस दिन का समय लगा देते हैं तो सोचिए मंत्रिमंडल के गठन में कहीं चार-पांच बरस न लग जाए? वैसे भी पार्टी आलाकमान को कोई एक काम तो है नहीं। उनकी भी पार्टी के व देश समाज के प्रति अपनी अनेक अन्य जिम्मेदारियां हैं। उन जिम्मेदारियों को भी तो उन्हें समय रहते निभाना है। अजी हम तो कहते हैं तकनीकी के इस जमाने में एआई को मंत्रिमंडल गठन हेतु आवश्यक रूप से काम में लाया जाना चाहिए। आलाकमान जी मानें या न मानें, एआई की मदद से ‘जंबो मंत्रिमंडल’ का गठन हो सकता है। आलाकमान जी को इससे निश्चित रूप से मंत्रिमंडल गठन में सहूलियत हो जाएगी।

एक एक नाम को जांच परखने की जरूरत भी नहीं होगी और तो और मंत्रिमंडल को हरी झंडी दिखाने का झमेला तक भी नहीं रहेगा। न ही जीते हुए विधायकों- सिधायकों को बात बात पर कोई निर्देश-विर्देश देने की जरूरत -सरूरत पड़ेगी। अजी राजधानी से फोन -सोन तक भी नहीं करने पड़ेंगे। कितनी टेंशन कम हो जाएगी आलाकमान जी की। जय राम जी की।

### नॉलेज कॉर्नर: हर सेकेंड देख सकता है ये पक्षी 130 फ्रेम

# इसलिए प्रचलित है बाज जैसी नजर वाली कहावत

चीते की चाल, बाज की नजर...ऐसी कहावत हमने कई बार सुनी होगी। चीते अपनी रफ्तार के कारण जाना जाता है वहीं बाज अपनी तेज नजरों के लिए पहचाना जाता है। आज बात होगी बाज की। बाज की नजर बहुत तेज होती है और रफ्तार करीब 300 किमी प्रति घंटे हो सकती है। बाज आसमान में उड़ने वाला एक माहिर शिकारी पक्षी है जिसकी नजरों से शिकार का बचना बहुत मुश्किल है। वहीं बाज की पकड़ भी इतनी मजबूत होती हैं कि ये अपने से दोगुना वजन के जानवरों को भी पंजों में दबाकर उड़ान भर सकता है। इसके अलावा भी कई खासियतें हैं जो इस पक्षी को दूसरों से अलग बनाती हैं। आज के नॉलेज कॉर्नर में जानते हैं इस तेज तर्रार पक्षी के बारे में...

#### चील और बाज में अंतर

अकसर लोग चील को बाज समझने की भूल कर बैठते हैं। जबकि चील और बाज में कई अंतर हैं। सबसे पहला जो खास अंतर है वह यह है कि चील बाज के मुकाबले आकार में बड़े होते हैं। चील के पंखों का फैलाव भी बाज के मुकाबले ज्यादा होता है, जबकि बाज के पंखों का फैलाव छोटा, लेकिन घुमावदार होता है। एक और अंतर यह भी होता है कि चील बाज के मुकाबले ज्यादा ताकतवर होते हैं। दोनों के रंगों की बात करें तो अंतर होता है। बाज का रंग ऊपर से लाल, पीला और नीचे सफेद होता है। जबकि चीन गोल्डन ब्लैक ग्रे या भूरे रंग का होता है। अब रही चोंच की बात, बाज की चोंच काले रंग की होती है। जबकि चील की पीली या सफेद कलर की होती है। अगर दोनों के शिकार की बात करें तो बाज कई बार खरगोश, चूहा, या अन्य ऐसे जानवर को खाता है जबकि चील छोटे स्तनधारी जीव जैसे सांप और मछली को पकड़कर खाते हैं। बाज एक शिकारी पक्षी होता है, जो कि अपने वजन और आकार के लिए जाना जाता है। दूसरी तरफ चील अपना शिकार खुद नहीं करते, बल्कि यह दूसरी पक्षियों का खाना छीनकर खाते हैं।



#### पेरग्रिन फॉल्कन की नजर से बचना

अब आपने वो कहावत तो सुनी ही होगी कि बाज जैसी नजरें हैं। जी हां वो जीव बाज ही है जिसकी नजरें सबसे ज्यादा तेज होती हैं। किसी भी दूसरे जानवर के मुकाबले बाज की नजरें काफी ज्यादा तेज होती हैं, जो हवा से ही अपने शिकार की पहचान कर लेते हैं। अब बाजों में भी एक ऐसा बाज है, जिसकी नजरें सबसे ज्यादा तेज होती हैं। इसे पेरग्रिन फॉल्कन कहा जाता है। पेरग्रिन फाल्कन की आंखें दूसरे बड़े पक्षियों की ही तरह होती हैं, लेकिन इनमें देखने की कमाल की ताकत होती है। ये बाज प्रति सेकेंड 130 फ्रेम देख सकता है। जो इंसान की तुलना में लगभग दोगुना है।

#### आसानी से कर लेते हैं शिकार


*पेरग्रिन बाज अपने शिकार की पहचान काफी दूर से ही कर लेते हैं और करीब 350 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उस पर टूट पड़ते हैं। ये एक ऐसी रफ्तार है, जिससे किसी को भी संभलने का मौका नहीं मिलता है। ये बाज हवा में भी छोटे पक्षियों का शिकार आसानी से कर लेते हैं।*

कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन


### X



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
राजस्थान परिवार के लिए नव वर्ष का उपहार, हमारी सरकार मोदी जी की गारंटी को कर रही साकार!



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
यह प्रतिबद्धता बनाएं कि आप एक पूर्ण प्राणी बनेंगे, न कि जीवन के प्रति बाध्यकारी प्रतिक्रिया वाला प्राणी।



**गौर गोपाल दास,** आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
अच्छी यादों को साथ लेकर चलें, चोट और दर्द को पीछे छोड़ें। दृढ़ संकल्प और हार्दिक आशा के साथ जो गलतियां हुई उन्हें सुधारें।

## स्टार्टअप सक्सेस के लिए कई स्किल्स का होना जरूरी

# नए साल में एंटरप्रेन्योरशिप की जंग जीतनी है तो बनें 'स्किलवीर'



बेधड़क | जयपुर

नौकरियों की लगातार हो रही कमी और स्टार्टअप जेनरेशन के इस दौर में आज हर युवा नौकरी करने वाला नहीं, नौकरी देने वाला बनना चाहता है। लेकिन बाहर से आसान सा दिखने वाला एंटरप्रेन्योरशिप का सफर इसमें प्रवेश करने के बाद काफी मुश्किल भी हो सकता है। बहुत कम स्टार्टअप ऐसे हैं जो अपनी पहचान बना पाते हैं और सफलता का स्वाद चख पाते हैं। दरअसल, एंटरप्रेन्योरशिप की यात्रा पर निकलने के लिए आपका माइंडसेट नौकरी के माइंडसेट से अलग तो होना ही चाहिए, इसके लिए कुछ स्किल्स भी बहुत जरूरी हैं जिनके बिना सफलता मुश्किल है। तो नए साल में अगर आप अपने बिजनेस को शुरू करने के लिए गंभीर हैं तो इस लेख में आपको बताते हैं उन स्किल्स के बारे में जो एंटरप्रेन्योर्स की सफलता के लिए बेहद जरूरी है।

## 2024 में लें स्किलफुल बनने का संकल्प तभी मिलेगी सफलता



### बिजनेस मैनेजमेंट स्किल

बिजनेस मैनेजमेंट स्किल एक उद्यमी में अपना व्यवसाय चलाने और सभी व्यावसायिक लक्ष्य पूरे करने की पहली जरूरत हैं। इस स्किल सेट वाले उद्यमी विभिन्न विभागों के संचालन की देखरेख और प्रबंधन कर सकते हैं क्योंकि उन्हें प्रत्येक कार्य की अच्छी समझ होती है। व्यवसाय प्रबंधन कौशल में मल्टीटास्किंग, जिम्मेदारियां सौंपना और महत्वपूर्ण व्यावसायिक निर्णय लेना शामिल है।



### कम्युनिकेशन स्किल

प्रत्येक स्टार्टअप ऑनर को ग्राहकों, टीम मेंबर्स और अन्य सभी स्टेक होल्डर्स के साथ प्रभावी ढंग से संवाद करने में सक्षम होना चाहिए। चाहे मीटिंग्स के दौरान वर्बल कम्युनिकेशन हो या ईमेल के माध्यम से रिपोर्ट और संदेश भेजने के दौरान डिजिटल कम्युनिकेशन, उद्यमियों को बेहतर कम्युनिकेशन स्किल्स की जरूरत रहती है। इसके साथ ही आपको एक बेहतर श्रोता भी होना चाहिए।



### रिस्क टेकिंग स्किल्स

कैलकुलेटिव व इंटेलिजेंट रिस्क लेने का कौशल बिजनेस को सफलता की ऊंचाइयों पर पहुंचा सकता है। उद्यमी मानसिकता वाले लोग जोखिम लेने से नहीं कतराते क्योंकि वे समझते हैं कि कैल्कुलेटिव जोखिम से सफलता मिल सकती है। रिस्क लेने की स्किल सीखने और व्यवसाय को अगले स्तर तक बढ़ाने का अवसर है। नियोक्ता ऐसे उम्मीदवार चाहते हैं जो संभावित लाभ और मुनाफे की तलाश में जोखिम उठा सकें।




### प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल

उद्यमियों को चुनौतीपूर्ण और अप्रत्याशित स्थितियों का सामना करना पड़ता है। एक उद्यमी के पास तनावपूर्ण स्थितियों को संभालने और शांतिपूर्वक वैकल्पिक समाधानों की पहचान करने के लिए उत्कृष्ट समस्या-समाधान कौशल होना चाहिए। असाधारण समस्या-समाधान कौशल से व्यावसायिक लक्ष्यों तक पहुंचना आसान हो जाता है।






### टीम मैनेजमेंट स्किल

सहकर्मियों को प्रेरित करने, कार्यबल को सशक्त बनाने आगे बढ़कर नेतृत्व करने में सक्षम होने के लिए उत्कृष्ट नेतृत्व कौशल की जरूरत है। नेतृत्व कौशल वाले युवा आगे बढ़ सकते हैं।


### फाइनेंस स्किल

उद्यमियों के लिए संसाधनों को संभालने, निवेश का आकलन करने, आरओआई की गणना करने की क्षमता जरूरी है। इसके अलावा, उन्हें सभी वित्तीय प्रक्रियाओं पर नजर रखने के लिए एकाउंटिंग और बजटिंग सॉफ्टवेयर का उपयोग करना आना चाहिए। वित्तीय कौशल सीखकर, उद्यमी अधिक खर्च करने से बचते हैं और संसाधनों का अधिक से अधिक फायदा उठा सकते हैं।

### आईडिया स्किल

आलोचनात्मक सोच एक बिजनेस स्किल है जो जानकारी का कन्क्ल्यूजन निकालने में व तर्कसंगत निष्कर्ष निकालने में मदद करती है। यह स्किल बिजनेस पर्सन्स को स्थिति का आकलन करने और तार्किक समाधान निकालने में मदद करती है। आमतौर पर, एक आलोचनात्मक विचारक स्वतंत्र, सक्षम और चिंतनशील होता है। यह स्किल आपकी विचारों को तार्किक रूप से जोड़ने, जानकारी की जांच करने, तर्कों का मूल्यांकन करने, काम में विसंगतियों को ढूंढने और जटिल मुद्दों को हल करने में मदद करती है।






### नेटवर्किंग स्किल्स

नेटवर्किंग में व्यवसाय को बढ़ाने और बढ़ावा देने के लिए अन्य प्रोफेशनल्स के साथ संबंध बनाना और उन्हें मैनेज करना शामिल है। प्रभावी नेटवर्किंग स्किल से भविष्य के अवसर खुलते हैं और एक ठोस ब्रांड बनाने में मदद मिलती है। नेटवर्किंग स्किल उद्यमियों के लिए सबसे जरूरी स्किल्स में से एक है क्योंकि ठोस नेटवर्क के माध्यम से वे बिजनेस के मददगार बेहतरीन प्रोफेशनल्स से मिल सकते हैं।

### कस्टमर सर्विस स्किल

गुणवत्तापूर्ण ग्राहक सेवा ब्रांड को एस्टेबलिश करती है और इमेज को पॉजिटिव बनाने में मदद करती है। इंडस्ट्री चाहे जो भी हो, व्यवसाय की सफलता के लिए उत्कृष्ट कस्टमर सर्विस स्किल आवश्यक हैं। ग्राहकों से बात करने से लेकर फंडिंग के अवसरों पर चर्चा करने तक, ग्राहक सेवा कौशल उद्यमियों को उनके संभावित ग्राहकों से जुड़ने में मदद करते हैं।



### इनोवेटिव थॉट स्किल

डिजिटल दुनिया में रचनात्मकता एक मूल्यवान स्किल है। रचनात्मक सोच नवाचार की रीढ़ है और यह कर्मचारियों को अलग तरह से सोचने के लिए मजबूर करती है। रचनात्मक सोच की स्किल वाले उद्यमी कभी भी उन समाधानों को आजमाने से नहीं हिचकिचाते जिन्हें असफलता के डर से दूसरे लोग नजरअंदाज कर सकते हैं। ऐसे लोग लीक से हटकर सोचते हैं और नए दृष्टिकोण को समझने के लिए हमेशा अलग-अलग क्षेत्र के पेशेवरों से इनपुट मांगते हैं।

## Yuva स्टोरीज



**गुलाबी सर्दी के बीच युवाओं ने दिया 'हेल्थ इज वेल्थ' का संदेश |**

**जयपुर।** शहर के यूथ हॉस्टल में सोमवार को एयू जयपुर मैराथन की ओर से ट्रेनिंग कैंप किक-ऑफ सेरेमनी की शुरुआत हुई। शहर की गुलाबी सर्दी और कोहरे के बीच युवा रनर्स ने विधानसभा से स्टैच्यू सर्किल तक दौड़ते जुए अच्छे स्वास्थ्य का संदेश दिया। युवाओं ने सभी को हेल्थ इज वेल्थ का संदेश देते हुए पुराने साल को विदा किया और नव वर्ष का स्वागत किया। वर्ल्ड ट्रेड पार्क और संस्कृति युवा संस्था की ओर से इसका आयोजनज किया गया था। इस मौके पर जयपुर के कई जाने माने रनर्स ने भाग लिया। 100 से ज्यादा रनर्स ने दौड़ लगाई। और फिटनेस ट्रेनर्स ने यहां सभी उपस्थित लोगों को वॉर्मअप और जॉगिंग की ट्रिक भी बताई। एयू जयपुर मैराथन के सीईओ मुकेश मिश्रा ने कहा कि यह किक-ऑफ समारोह एयू जयपुर मैराथन की ओर से आपकी यात्रा की शुरुआत का प्रतीक है। आप एक्सपर्ट रनर हों या फिर बिगनर्स एयू जयपुर मैराथन अपनी फिटनेस में सुधार का साक्षी रहेगा।रेस डायरेक्टर रवि गोयनका, जयपुर रनर्स के एग्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट दीपक शर्मा, वाईस प्रेसिडेंट प्रवीण तिजारिया, जॉइंट सेक्रेटरी नितिन गुप्ता, ट्रेसर निपुण वाधवा, फीमेल विंग प्रेसिडेंट किरणजीत सहित जोनल डायरेक्टर्स उपस्थित रहे।



**भारतीय संस्कृति, सभ्यता और विरासत हमारी पहचान**

**उदयपुर ।** जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय के संघटक कन्या महाविद्यालय की 30 छात्राओं को गुजरात का तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कराया। संस्थान की निदेशक डॉ. गुणबाला आमेटा ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण के तहत स्टूडेंट्स ने गुजरात के एकता नगर स्थित सरदार सरोवर बांध के सामने लगी लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की विश्व प्रसिद्ध 182 मीटर ऊंची स्टेच्यू ऑफ यूनिटी, पावागढ़ धाम, नर्मदा आरती दर्शन सहित मुख्य पर्यटक स्थलों का भ्रमण किया। स्टेच्यू ऑफ यूनिटी पर रात्रिकालीन लेजर शो व नर्मदा आरती के दौरान वेद मंत्रों व शिव तांडव स्तोत्र के लेजर शो का सभी छात्राओं ने आनंद लिया। शैक्षिक भ्रमण के दौरान डॉ. प्रतिभा शर्मा, डॉ. विक्रम सिंह चूंडावत, रमेश प्रजापत, अर्जुन वैष्णव का सहयोग रहा। कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि भारतीय संस्कृति, सभ्यता विरासत हमारी पहचान है इसको संजोये रखने की जिम्मेदारी हम सभी की है।

## एमिटी यूनिवर्सिटी में शुरू हुआ चार वर्षीय पाठ्यक्रम

# फार्मा में कॅरिअर बनाने के लिए करें बी.फार्मा

बेधड़क | जयपुर

एमिटी यूनिवर्सिटी जयपुर में बैचलर ऑफ फार्मेसी (बी. फॉर्मा.) में 4 वर्षीय प्रोग्राम शुरू किया गया है। यूनिवर्सिटी के डीन रिसर्च प्रोफेसर विनय शर्मा ने बताया कि इस चार वर्षीय कोर्स को 8 सेमेस्टर में पूरा किया जा सकेगा और प्रोग्राम के ऑनलाइन आवेदन एमिटी यूनिवर्सिटी जयपुर की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। बी.फार्मा. प्रोग्राम में आवेदन करने के लिए विद्यार्थी के पास 12वीं में पीसीबी या पीसीएम में 50 प्रतिशत नंबर होना जरूरी होगा।

फार्मेसी डिपार्टमेंट के कॉर्डिनेटर डॉ. विक्रम कुमार यादव ने बताया कि डिपार्टमेंट ऑफ मेडिकल, हेल्थ एंड फेमिली वेल्फेयर, फॉर्मास्यूटिकल इंडस्ट्री,



हॉस्पिटल, रिटेल फॉर्मेसी, ड्रग डिस्कवरी एंड डवलपमेंट, रेल्वे, डिफेंस, डीआरडीओ, सीआरओ क्लिनिकल रिसर्च के क्षेत्र में ड्रग कंट्रोलर ऑफिसर, ड्रग इंस्टेपक्टर, मेन्यूफेक्चरिंग केमिस्ट, ड्रग एनालिस्ट, क्यूए, क्यूसी एक्जिक्यूटिव, क्लिनिक्ल रिसर्च एग्जीक्यूटिव, फॉर्मासिस्ट, क्लिनिक्ल ट्रायल एग्जीक्यूटिव, रिसर्च साइंटिस्ट पद के लिए अपार संभावनाए उपलब्ध हैं। यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर (डॉ.) अमित जैन ने बताया कि नैक द्वारा ए प्लस ग्रेड प्राप्त एमिटी यूनिवर्सिटी राजस्थान के द्वारा बी.फार्मा में करिअर बनाने वाले विद्यार्थियों के प्रेक्टिक्ल एक्सपोजर और इंटर्नशिप के लिए जाने-माने संस्थानों संबद्ध किया गया है। डिपार्टमेंट में लेटेस्ट टेक्नोलॉजी पर आधारित मॉडर्न मशीनों की सुविधा उपलब्ध होगी जिसकी सहायता से टेक्निकली बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

एमिटी यूनिवर्सिटी जयपुर के डॉ. अक्षय जैन ने कॉरपोरेट सेक्टर में करिअर की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आने वाले समय में इंडियन मार्केट में फार्मासिस्ट की डिमांड के मद्देनजर यूनिवर्सिटी की ओर से फार्मेसी ऑफ कांउसिल (पीसीआई) से अप्रूव्ड बी.फार्मा का प्रोग्राम शुरू किया गया है।

# बच्चों की प्रस्तुतियों में साकार हुआ कृष्ण चरित्र

**जयपुर।** अपेक्स इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिकोत्सव आत्म बोध का आयोजन सोमवार को हुआ। इस अवसर पर बच्चों ने श्रीकृष्ण के जीवन के सार को मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रस्तुत किया। स्टेज पर श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े नृत्य नाटिकाओं और गीत संगीत को देख कार्यक्रम में मौजूद लोग भाव विभोर हो उठे।

लालकोठी स्थित अपेक्स इंटरनेशनल स्कूल के ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में स्टूडेंट्स ने बाल लीलाओं से दर्शकों का मन मोहा। पुरस्कार वितरण समारोह में 400 से अधिक स्टूडेन्ट्स ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और गणेष वन्दना जय गणेश की भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुति से हुआ।

दो अलग-अलग चरणों में आयोजित वार्षिकोत्सव में सुबह



पहले भाग में प्राइमरी के बच्चों ने झिलमिलाती रोशनी में मधुर धुनों पर ठुमके लगाए। दूसरी पारी में सीनियर स्टूडेन्टस ने पारम्परिक वस्त्रों में सज-धजकर राजस्थानी लोकनृत्य कालबेलिया पेश करते हुए राजस्थानी संस्कृति के रंग बिखेरे।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भगवान श्रीकृष्ण के सम्पूर्ण जीवन के सार का दर्शाता नाटक आत्म बोध रहा, जिसमें स्टूडेन्ट ने सजीव अभिनय से श्रीकृष्ण के सम्पूर्ण जीवन को साकार किया।

**पहल** | **इग्नाईट 2023 का आगाज**

# स्टूडेंट्स ने प्रदर्शनी में दिखाया अनूठा कला और विज्ञान कौशल

बेधड़क | जयपुर

सोमवार को जयपुर के यूनिवर्स पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी इग्नाईट-2023 की शुरुआत हुई। इस प्रदर्शनी में छात्रों ने पेपर आर्ट, टेक्नोलॉजी सहित हर क्षेत्र में अपनी रुचियों को आजमाया।

पेपर आर्ट के साथ-साथ बच्चों ने वैज्ञानिक सोच को कागज पर विचारों के रंगों में पिरोया। इसके साथ ही उन्होंने अपने तकनीकी ज्ञान का भी जीवन के हर क्षेत्र में अपनी सोच और विचारों को बेहद खूबसूरत ढंग से प्रस्तुत किया। मौका था यूनिवर्स पब्लिक स्कूल में आयोजित साइंस एग्जिबिशन का, यहां विद्यार्थियों के हर क्रिएटिव विचारों को रंगों के साथ प्रदर्शित



किया गया। इस मौके पर छात्रों ने विज्ञान के साथ-साथ हिंदी, संस्कृत, सोशल साइंस, कंप्यूटर और आध्यात्मिक विषयों पर भी मॉडल, चाट्र्स एवं प्रायोगिक मॉडल बनाकर प्रस्तुत किए।

ईग्नाइट 2023 नाम से आयोजित इस प्रदर्शनी में कला और विज्ञान से जुड़े पहलुओं को छात्रों ने शानदार मॉडल्स, चार्टस को बेहद सादगी और ख़ूबसूरती के साथ प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मौसम विभाग के पूर्व महानिदेशक डॉ.लक्ष्मण सिंह राठौड़ मौजूद थे । एग्जिबिशन में स्टूडेंट्स ने भगवान गणेश की



वॉटर कलर्स, एक्रेलिक कलर, ऑइल पेंट के माध्यम से शानदार तरीके से कागज पर उकेरा, वहीं रंगों का अनूठा संयोजन करेते हुए एनवायरमेंट और फोरेस्ट लाइफ जर्नी को भी अच्छे तरीके से प्रस्तुत किया। प्रदर्शनी में सौ से भी ज्यादा आर्ट वर्क को शोकेस किया गया, जिसमें अलग-अलग क्लास के स्टूडेंट्स ने अपनी इनोवेटिव सोच को क्रिएटिविटी के साथ दर्शाया। स्कूल की निदेशक ऋतिका राठौर, प्राचार्य अनूप शेखावत, प्रबंध निदेशक मानवेंद्र सिंह शेखावत ने कार्यक्रम में शिरकत की और इस मौके पर उपस्थित बच्चों के कार्यों की सराहना करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया।

## जरूरी खबर

### J&K: उच्च स्तरीय बैठक आज, सुरक्षा की होगी समीक्षा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में जम्मू-कश्मीर पर उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक प्रस्तावित है। बैठक में कानून व्यवस्था की स्थिति और सुरक्षा ग्रिड और जीरो टेरर ( शून्य आतंकी गतिविधियां ) योजना जैसे मुद्दों पर मंथन होगा। बैठक में गृह मंत्री सुरक्षा ग्रिड के कामकाज और सुरक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं के साथ-साथ केंद्र शासित प्रदेश में विकास की पहलों की समीक्षा करेंगे। बैठक में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल मौजूद रहेंगे।

### पूर्व मंत्री कुरैशी की 31 करोड़ की संपत्ति जब्त



**मेरठ (उप्र)।** बसपा नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री याकूब कुरैशी के खिलाफ जिला प्रशासन ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए उनकी करीब 31 करोड़ रुपए की बेनामी सम्पत्ति गैंगस्टर कानून के तहत जब्त कर ली। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने बताया कि जिलाधिकारी अदालत के एक आदेश के अनुपालन में गैंगस्टर अधिनियम के तहत कुरैशी की 31 करोड़ 77 हजार 200 रुपए की अनुमानित कीमत की बेनामी सम्पत्ति जब्त कर ली गई है। उन्होंने बताया कि कुरैशी ने यह सम्पत्ति अपने परिजन और कर्मचारियों के नाम से खरीदी थी।

### जीएसटी संग्रह 1.60 लाख करोड़ के पार




**नई दिल्ली।** जीएसटी संग्रह दिसंबर में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.64 लाख करोड़ रुपए हो गया है। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि एक साल पहले की समान अवधि में जीएसटी संग्रह 1.49 लाख करोड़ रुपए रहा था। अप्रैल-दिसंबर, 2023 की अवधि में सकल जीएसटी संग्रह 12 प्रतिशत वृद्धि के साथ 14.97 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। पिछले साल की समान अवधि में इन नौ महीनों में कर संग्रह 13.40 लाख करोड़ रुपए रहा था। वित्त वर्ष 2023-24 के पहले नौ महीने में औसत मासिक कर संग्रह 1.66 लाख करोड़ रुपए रहा है।

### बेटियों के लिए खुला सैन्य स्कूल, रक्षा मंत्री ने किया लोकार्पण



*मथुरा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को मथुरा के वृंदावन में संविद गुरुकुलम गर्ल्स सोल्जर स्कूल का उद्घाटन किया। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ भी इस अवसर पर मौजूद थे।*

### परमाणु संस्थानों की सूची का किया आदान-प्रदान

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान ने रविवार को एक द्विपक्षीय समझौते के तहत अपने परमाणु संस्थानों की सूची का आदान-प्रदान किया। यह समझौता दोनों पक्षों को एक-दूसरे के परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला करने से रोकता है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सूची का आदान-प्रदान नई दिल्ली और इस्लामाबाद स्थित राजनयिकों के माध्यम से किया गया। इस समझौते पर 31 दिसंबर 1988 को हस्ताक्षर किए गए थे और इसे 27 जनवरी 1991 को लागू किया गया था। समझौते के तहत भारत और पाकिस्तान को हर साल 1 जनवरी को अपने-अपने परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं के बारे में एक-दूसरे को सूचित करना होता है। विदेश मंत्रालय ने कहा, दोनों देशों के बीच 32 वीं बार इस सूची का आदान-प्रदान हुआ है। गौरतलब है कि इस सूची का आदान-प्रदान ऐसे समय में हुआ है, जब दोनों देशों के बीच जम्मू कश्मीर और सीमा पार आतंकवाद को लेकर तनाव चल रहा है।

**आतंकवाद के खिलाफ कड़ा प्रहार: यूएपीए के तहत कार्रवाई**

# केंद्र सरकार ने गैंगस्टर गोल्डी बराड़ को आतंकी घोषित किया

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सोमवार को गैंगस्टर गोल्डी बराड़ को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत आतंकवादी घोषित कर दिया। गृह मंत्रालय की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि गोल्डी बराड़ प्रतिबंधित संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़ा है।

बराड़ को सीमा पार स्थित आतंकवादी एजेंसियों का समर्थन मिलता है और वह कई हत्याओं में शामिल रहा है। इसके अलावा बराड़ राष्ट्रवादी नेताओं को धमकी भरे कॉल करने, फिरौती मांगने और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर हत्याओं के दावों को पोस्ट करने में शामिल था। गृह मंत्रालय ने कहा कि गोल्डी बराड़ सीमा पार से ड्रोन के माध्यम से आधुनिक हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री की तस्करी में शामिल था। वह हत्याओं को अंजाम देने के लिए इन हथियारों को शार्प शूटरों को सप्लाई करता था। बराड़ और उसके सहयोगी तोड़फोड़ करने, आतंकी मॉड्यूल को खड़ा करने, लक्षित हत्याओं को अंजाम देने और पंजाब में अशांति फैलाने, सांप्रदायिक सद्भाव, कानून व्यवस्था को बाधित करने और देश विरोधी गतिविधियों की साजिश रचने में शामिल थे।



#### कनाडा पर बढ़ेगा दबाव

- गोल्डी वर्तमान में कनाडा में है। आतंकवादी घोषित किए जाने से उसके खिलाफ कार्रवाई का कनाडा पर दबाव बढ़ेगा।
- भारत बराड़ को प्रत्यार्पित करने के लिए बढ़ा सकता है दबाव

#### सिद्धू मूसेवाला की हत्या की ली थी जिम्मेदारी, रेड कॉर्नर नोटिस हुआ जारी

कनाडा स्थित आतंकवादी बराड़ ने 2022 में पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या की भी जिम्मेदारी ली थी। गौरतलब है कि मूसेवाला की मई 2022 में पंजाब के मनसा जिले में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। सिद्धू मूसेवाला की हत्या के कुछ दिनों बाद इंटरपोल ने जून 2022 में गोल्डी बराड़ के प्रत्यर्पण के लिए रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था।

#### कौन है आतंकी गोल्डी बराड़

गोल्डी बराड़ मूल रूप से पंजाब के श्री मुक्तसर साहिब का रहने वाला है। वह छात्र वीजा लेकर कनाडा भाग गया था और वहीं से आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहा है। वह लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह से भी जुड़ा हुआ है। पिछले साल सिंतबर में पुलिस ने उसके ठिकानों पर छापेमारी की थी। राष्ट्रीय जांच एजेंसी भी बराड़ से जुड़े लोगों के ठिकानों पर छापेमारी कर चुकी है।

**मणिपुर में फिर भड़की हिंसा**

## तीन लोगों की हत्या, 5 जिलों में फिर कर्फ्यू

**एजेंसी** | इंफाल

मणिपुर में पिछले तीन चार दिनों से फिर शुरू हुआ हिंसा का सिलसिला थम नहीं रहा है। राज्य के थौबल जिले में सोमवार को तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस दौरान पांच अन्य लोग भी घायल हो गए हैं। राज्य में हिंसा न भड़के इसके लिए घाटी इलाके के पांच जिलों में कर्फ्यू लगा दिया गया हैं। पुलिस ने कहा कि हमलावारों की फिलहाल पहचान नहीं हो सकी हैं। हमलावर छद्मवेश में लिलोंग चिंगजाओ क्षेत्र पहुंचे, जहां स्थानीय लोगों को निशाना बनाकर गोलीबारी की और वहां से भाग गए। इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया। स्थानीय भीड़ ने तीन वाहनों पर आग लगा दी, अभी यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया कि आखिर ये कारें किसकी थी। अधिकारियों ने बताया कि ताजा हिंसा के बाद थौबल, इंफाल पूर्व और इंफाल पश्चिम, काकचिंग और बिष्णुपुर जिलों में फिर से कर्फ्यू लगा दिया गया है।

#### जल्द गिरफ्त में आएंगे अपराधी: सीएम बीरेन सिंह

घटना के बाद सीएम एन बीरेन सिंह ने कहा कि पुलिस हमले में शामिल संदिग्धों को गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही हैं। जल्द ही अपराधी पुलिस के गिरफ्त में होंगे और उन्हें कानून के मुताबिक कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। गौरतलब है कि पिछले वर्ष मई माह के शुरुआत में मणिपुर में हुई जातीय हिंसा के बाद 180 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हो गए थे

**पुरी: जगन्नाथ मंदिर में ड्रेस कोड लागू**

## हाफ पैंट, शॉर्ट्स, फटी जींस, स्कर्ट और स्लीवलेस ड्रेस में प्रवेश नहीं

**एजेंसी** | पुरी

ओडिशा के पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए नए साल से ड्रेस कोड अनिवार्य कर दिया गया है। हाफ पैंट, शॉर्ट्स, फटी जींस, स्कर्ट और स्लीवलेस ड्रेस पहनने वाले भक्तों को मंदिर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इसके साथ ही मंदिर परिसर में पान-गुटखा खाने और प्लास्टिक उत्पादों का उपयोग करने पर बैन लगा दिया गया है। मंदिर प्रशासन के एक अधिकारी ने कहा कि भक्तों को मंदिर में प्रवेश करने के लिए सभ्य कपड़े पहनने होंगे। मंदिर प्रशासन ने 9 अक्टूबर को ही ड्रेस कोड संबंधी आदेश जारी कर दिया था जिसमें इसे लागू करने की तारीख 1 जनवरी बताई गई थी।



#### पवित्रता बनाए रखने को लागू किए नियम

श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन के एक अधिकारी ने कहा कि मंदिर परिसर में गुटखा और पान पर प्रतिबंध इसकी पवित्रता को बनाए रखने की दृष्टि से लागू किया जा रहा है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना भी लगाया जा रहा है। सोमवार दोपहर तक 1,80,000 से अधिक भक्तों ने भगवान श्री जगन्नाथ धाम के दर्शन किए।

### J&K: POK में मौजूद 23 आतंकी भगोड़ा घोषित

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर की एक अदालत ने सोमवार को किश्तवाड़ जिले के ऐसे 23 आतंकवादियों को भगोड़ा अपराधी घोषित कर दिया, जो पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में मौजूद हैं। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि डोडा की विशेष यूएपीए (गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम) अदालत ने इन आतंकियों को एक महीने में अदालत में पेश होने को कहा है। अगर ये आतंकवादी एक महीने के अंदर अदालत में पेश नहीं होते हैं तो, फिर उनकी संपत्तियां कुर्क की जाएंगी।

**पाकिस्तान की सीमा पर बढ़ेगी ताकत**

## जोधपुर सैन्य बेस पर तैनात होंगे सेना के छह अपाचे हेलिकॉप्टर!

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सेना राजस्थान में पाकिस्तान से लगी सीमा पर अपनी युद्धक क्षमता बढ़ा रही है। उसकी जोधपुर के सैन्य बेस पर छह अपाचे युद्धक हेलिकॉप्टर तैनात करने की योजना है। भारत अमेरिका से छह और अपाचे हेलिकाप्टर खरीद रहा है।

अमेरिका से हुए करार के अनुसार पहला अपाचे हेलिकॉप्टर फरवरी-मार्च में मिल जाने की उम्मीद है। भारतीय वायुसेना के पास पहले से ही 22 अपाचे हेलिकॉप्टर हैं, जिन्हें पश्चिमी और उत्तरी सीमाओं पर तैनात किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, इसके अमेरिका से प्राप्त होने के बाद इन युद्धक हेलिकॉप्टरों को अभियानों के लिए जोधपुर के सैन्य बेस पर तैनात किया जाएगा। सेना में अपाचे हेलिकॉप्टरों की तैनाती के बाद इनकी कुल संख्या बढ़कर 28 हो जाएगी। अमेरिका से हुए करार के मुताबिक भारत ने पहले ही अमेरिकी सैन्य अड्डों पर अपने पचास से अधिक पायलटों और तकनीशियनों को प्रशिक्षित किया है। भारतीय सेना बहुत ही कम समय में इसके पूरे दस्ते को संचालित करने में सक्षम होगी।



**CJI डीवाई चंद्रचूड़ की अहम टिप्पणी**

# अयोध्या मामले में न्यायाधीशों ने सर्वसम्मति से किया था फैसला

**नहीं किया गया था फैसला लिखने वाले न्यायाधीश का उल्लेख**

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने एक अहम टिप्पणी में कहा है कि विवादित स्थल पर एक ट्रस्ट द्वारा राम मंदिर के निर्माण के पक्ष में फैसला सुनाने वाले पांच न्यायाधीशों ने सर्वसम्मति से फैसला किया था कि अयोध्या मामले में फैसला किसने लिखा है, इसका उल्लेख नहीं किया जाएगा। अयोध्या में संघर्ष के लंबे इतिहास और विविध पहलुओं को ध्यान में रखते हुए ही इस केस से जुड़े सभी न्यायाधीशों ने फैसले पर एक राय बनाई। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि जब पांच न्यायाधीशों की पीठ फैसले पर विचार-विमर्श करने के लिए बैठी, जैसा कि हम सभी फैसला सुनाए जाने से पहले करते हैं, तो हम सभी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि यह अदालत का फैसला होगा और इसलिए, किसी भी व्यक्तिगत न्यायाधीश को कोई लेखकत्व नहीं दिया गया है। चंद्रचूड़ तब पांच न्यायाधीशों की पीठ में शामिल थे।



> हम संविधान और कानून के मुताबिक फैसला करते हैं। मुझे नहीं लगता कि मेरे लिए आलोचना का जवाब देना या अपने फैसले का बचाव करना सही होगा।
>
> **डीवाई चंद्रचूड़, सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस**

#### हिंदुओं की यह आस्था निर्विवाद थी

शीर्ष अदालत की पीठ ने 2019 में कहा था कि हिंदुओं की यह आस्था निर्विवाद थी कि भगवान राम का जन्म इसी स्थान पर हुआ था और वह प्रतीकात्मक रूप से भूमि के मालिक थे। अदालत ने कहा था कि फिर भी, यह भी स्पष्ट है कि हिंदू कारसेवकों द्वारा 16वीं शताब्दी की तीन गुंबद वाली संरचना का विध्वंस करना एक गलती थी जिसका समाधान किया जाना चाहिए। इसका आस्था और विश्वास से कोई लेना-देना नहीं है और इसके बजाय मामले को तीन पक्षों - सुन्नी मुस्लिम वक्फ बोर्ड, निर्मोही अखाड़ा, एक हिंदू समूह और राम लला विराजमान के रूप में नामित प्रतीकात्मक भगवान राम के बीच भूमि पर स्वामित्व विवाद के रूप में माना जाता है।

#### संघर्ष का रहा है लंबा इतिहास

सीजेआई ने कहा, इस मामले में संघर्ष का एक लंबा इतिहास है, देश के इतिहास पर आधारित विविध दृष्टिकोण हैं और जो लोग पीठ का हिस्सा थे, उन्होंने फैसला किया कि यह अदालत का फैसला होगा। अदालत एक स्वर से बात करेगी और ऐसा करने का विचार यह स्पष्ट संदेश देना था कि हम सभी न केवल अंतिम परिणाम में बल्कि फैसले में बताए गए कारणों में भी एक साथ खड़े हैं।

#### अनुच्छेद 370 के फैसले पर टिप्पणी नहीं

सीजेआई चंद्रचूड़ ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के सुप्रीम कोर्ट के सर्वसम्मत फैसले पर टिप्पणी करने इनकार कर दिया। अनुच्छेद 370 जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाला कानून था। सीजेआई ने कहा कि वह किसी मामले का फैसला 'संविधान और कानून के मुताबिक' करते हैं।

#### समलैंगिकों ने अधिकारों के लिए लड़ी लड़ाई

समलैंगिक विवाह को वैध बनाने से इनकार करने वाले पांच-जजों की संविधान पीठ के फैसले के बारे में कहा कि किसी मामले का नतीजा कभी भी न्यायाधीश के लिए व्यक्तिगत नहीं होता है। उन्होंने समलैंगिक जोड़ों द्वारा अपने अधिकारों को हासिल करने के लिए लड़ी गई लंबी और कठिन लड़ाई को स्वीकार किया। पीठ ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार कर दिया था।

**व्यक्तिगत नहीं होते परिणाम: चंद्रचूड़ ने** कहा, एक बार जब आप किसी मामले का फैसला कर लेते हैं तो आप परिणाम से खुद को दूर कर लेते हैं। एक जज के रूप में परिणाम हमारे लिए कभी भी व्यक्तिगत नहीं होते हैं।

## हंगामा: पाश्चात्य और मरुधरा की धुनों का संगम, फिजा में घुला संगीत

# फॉक एंड रॉक म्यूजिक के फ्यूजन ने नए साल की संध्या पर बांधा समा

**बेधड़क.जयपुर।** जयपुराइट्स ने नए साल की पहली शाम को प्रदेश के रंग और फॉरेन की धुनों के फ्यूजन के साथ सेलिब्रेट किया। कला प्रेमियों के लिए कुछ ऐसी प्रस्तुति पेश की गई कि वे मंत्रमुग्ध हो गए। नजारा रहा इंटरनेशनल आर्टिस्ट यारोल पौपौड और रहीस भारती के धोद ग्रुप की संगीत जुगलबंदी का, जिसने श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कला संसार मधुरम के तहत जेकेके के मुक्ताकाशी मंच पर आयोजित धोद ऑफ राजस्थान न्यू ईयर म्यूजिकल इवनिंग में सर्द हवाओं के बीच फ्रांसीसी आर्टिस्ट यारोल पौपौड धोद ग्रुप ने पॉप एंड रॉक और लोक संगीत के साथ एक फ्यूजन क्रिएट करते हुए समां बांधा। पॉप एंड रॉक के साथ पारंपरिक संगीत का फ्यूजन यंगस्टर्स के लिए एक अलग तरह का अनुभव रहा। फ्रांस के गायक और गिटारवादक यारोल, बेस गिटार वादक विक्टर मैकेनिक, गायक और ड्रमर लुडविग डेल्हबर्ग ने शानदार परफोरमेंस दी, जिस पर कार्यक्रम में मौजूद श्रोता झूम उठे।








### ट्रेडिशनल के साथ वेस्टर्न की सिंफनी रही खास

म्यूजिकल नाइट में धोद ग्रुप की ओर से पारंपरिक राजस्थानी लोक गीत "केसरिया बालम', 'बेगा घर आओ बालम' और 'आओजी आओ धोड़ प्यारो आओजी' के साथ तबला, ढोलक, करताल, सारंगी सहित अन्य वाद्य यंत्रों की प्रस्तुतियां दी गईं। वहीं ड्रम और गिटार जैसे रॉक म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट के साथ फ्यूजन म्यूजिक ने साल की पहली संध्या को चार चांद लगा दिए। इस मौके पर धोद ग्रुप के कई कलाकारों ने भी साथ में संगत करते हुए शाम को खुशनुमा बनाया। जयपुर महाराजा ब्रास बैंड के कलाकारों सहित राजस्थान के कई ट्रेडिशनल आर्टिस्ट ने संगत दी।

## मातृकास्तुति ग्रंथ का विमोचन



**बेधड़क. जयपुर।** श्री विद्या मार्तंड श्री महेश दत्त शर्मा गुरुजी के करकमलों द्वारा मातृकास्तुति ग्रंथ का विमोचन किया गया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानेश्वर पुरी, सुरेंद्र शर्मा, योगेंद्र शर्मा, जयप्रकाश शर्मा और महावीर शर्मा उपस्थित रहे।

## प्रथम पूज्य को दिया निमंत्रण



**बेधड़क. जयपुर।** अयोध्या में निर्माणाधीन भगवान श्रीरामलला के मंदिर स्थापना समारोह में प्रथम निमंत्रण के लिए मोती डूंगरी श्रीगणेश मंदिर को विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ताओं ने निमंत्रण दिया। क्षेत्रीय संगठन मंत्री राजाराम सुरेश उपाध्याय, राधेश्याम, सुरेश पपड़ीवाला सहित कई कार्यकर्ताओं ने पीले अक्षत व निमंत्रण पत्र महंत को सौंपकर भगवान श्री गणेश को आमंत्रित किया।

## डिप्टी सीएम बैरवा का स्वागत



**बेधड़क. जयपुर।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा का रामाज रिसोर्ट में रामाज परिवार की ओर से नववर्ष पर स्वागत किया गया। रिसोर्ट के ऑनर मोहित टेलर ने राजस्थानी परम्परा के अनुसार डिप्टी सीएम का स्वागत किया। इस मौके पर बैरवा ने रामाज परिवार को और सभी स्टाफ को नववर्ष की बधाई और शुभकमाएं दी। इस दौरान उन्होंने मुस्कान रेस्ट्रोरेंट के पोहा और सेंडविच और कुल्हड़ चाय का स्वाद लिया और रिसोर्ट एंड फूड की काफी की तारीफ की। डिप्टी सीएम ने बताया कि टोंक रोड पे जयपुर से कोटा के बीच आप ने फैमिली और डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए काफी अच्छा रिसोर्ट बनाया है।

# City इवेंट्स

## मुख्य सचिव पंत का किया अभिनंदन



**बेधड़क. जयपुर।** नव-नियुक्त मुख्य सचिव सुधांश पंत से जयपुर में कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) का प्रतिनिधिमंडल मिला और उन्हें पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेश पाटोदिया और गोकुल माहेश्वरी ने किया। कैट के राजस्थान चैप्टर के अध्यक्ष सुभाष गोयल और प्रमुख व्यापारी नेता गोविंद रावत सहित अन्य लोग शामिल रहे। व्यापारियों की ओर से तिरूपति का दुपट्टा प्रदान किया गया तथा मोदी डायरी दी गई।

## शुभांगी की फिल्म ने जीता सेमीफाइनल

**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर की शुभांगी आचार्य की फिल्म "बियॉन्ड' ने यूरोप के सर्बेस्ट इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में सेमी फाइनल में जीत हासिल की। फिल्म में शहर और शहरीकरण की सामान्य समस्या वेस्ट मेनेजमेंट को नृत्य और मूवमेंट से अभिव्यक्त किया गया है। फिल्म दिखाती है, कि कैसे एक व्यक्ति का कचरा दूसरे के लिए अनमोल खजाना हो सकता है। बेकार कागज की यात्रा को कैप्चर किया है। कागज हवाओं द्वारा इधर-उधर उड़ता जाता है और अनिश्चित गंतव्य की तरफ चल पड़ता है। एक जगह से दूसरी जगह इंसानों के बीच फिरता हुआ हवा से अलग-अलग लोकेशन पर पहुंचता है और समुंदर में मिल जाता है।



## नवल बीलवाल बने राष्ट्रीय अध्यक्ष



**बेधड़क. जयपुर।** खांडल विप्र विश्व परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश सेवदा के त्यागपत्र के बाद कोर कमेटी की अनुशंसा पर सर्वसम्मति से नवल बीलवाल को राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस मौके पर कोर कमेटी अध्यक्ष गिरिराज श्रोत्रिय, योगेश शर्मा, सुनील खांडल, एडवोकेट नरेश शर्मा, जीतेश शर्मा, प्रकाश पहलवान, मनीष शर्मा, लोकेश शर्मा, पंकज डीडवानिया, हेमंत शर्मा, विजय सुंदरियां विष्णु चोटिया व अन्य समाज के पदाधिकारियों ने नवल बीलवाल को साफा व माला पहनाकर बधाई दी। इस मौके पर उन्होंने कहा, कि सभी समाज बंधुओ को साथ लेकर समाज के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास करेंगे व देश-विदेश में रहने वाले सभी बंधुओं को संगठन से जोड़ने का प्रयास करेंगे।

## ब्लास्टर्स, स्टार्स, सनराइजर्स व थंडर स्ट्राइकर्स जीते

# AMPL के सातवें संस्करण में हुए कई रोमांचक मुकाबले



**बेधड़क | जयपुर**

लेडीज ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए साबित किया कि स्पोर्ट्स का ग्राउंड हो या घर की जिम्मेदारी सभी में वे अव्व्ल हैं। मौका था एएमपीएल-2024 में मुकाबलों का, जिसमें ब्लास्टर्स, स्टार्स, सनराइजर्स और थंडर स्ट्राइकर्स ने अपने-अपने मुकाबले जीते। खले गए दिन के प्रथम मैच में निर्माण नगर थंडर स्ट्राइकर्स ने बापू नगर स्पार्कल को 12 रनों से हराया। मैच की प्लेयर ऑफ द मैच थंडर स्ट्रिइकर्स की संगिता सिंघल रहीं, जिन्होंने 24 गेंदों पर 34 रन बनाए और 2 ओवर में 10 रन देकर 3 विकेट लिया। दूसरे मैच में सुभाष नगर सनराइजर्स ने देवी नगर रॉयल्स को रोमांचक मुकाबले में 5 रनों से हराया।

मैच की प्लेयर ऑफ द मैच सनराइजर्स की साक्षी मोदी रहीं, जिन्होंने 29 गेंदों पर 46 रन बनाए और 2 ओवर में 8 रन देकर 1 विकेट लिया। इसी प्रकार थर्ड मैच में टोंक रोड स्टार्स ने मानसरोवर क्वींस को 6 विकेट से हराया। मैच की प्लेयर ऑफ द मैच स्टार्स की डिंपल रहीं, जिन्होंने 2 ओवर में 9 रन देकर 1 विकेट लिए और 28 गेंदों में 35 रन बनाए। चौथा मैच भी बहुत रोमांचक रहा, जिसमें अग्रवाल फार्म ब्लास्टर्स ने सुभाष नगर सनराइर्जस को 9 विकेट से हराया।

मैच की प्लेयर ऑफ द मैच ब्लास्टर्स की सुरेखा और उत्कर्षा रहीं। विनर्स ने अपने-अपने अंदाज में जश्न मनाया और उनको ट्रॉफिज दी गई। प्लेयर्स ने ट्रॉफीज के साथ ग्राउंड पर ही सेलिब्रेशन किया।

## शोरिनरयु कराटे प्रतियोगिता का आयोजन

# जयपुर के प्लेयर्स ने जीते आठ स्वर्ण और पांच रजत पदक



**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर के प्लेयर्स ने प्रदेश भर की टीमों के बीच मुकाबला करते हुए मेडल जीते। मौका था जय श्रीश्याम स्पोर्ट्स एकेडमी अनंतानंत खेल शोरिनरयु एक दिवसीय कराटे प्रतियोगिता के आयोजन का, जिसमें स्वर्ण व रजत मेडल जीतकर आगे के लिए चयन किया गया। इस दौरान कोटा, भरतपुर, धौलपुर, अजमेर, जोधपुर व जयपुर से बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्लेयर्स ने दम-खम दिखाया और रोमांचक मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने 8 स्वर्ण और 5 रजत पदक हासिल कर शहर का मान बढ़ाया। प्रतियोगिता में कनिष्क, नित्या, रजत, तनवी व कनिका ने रजत पदक पर कब्जा जमाया तो जिज्ञासा, वैष्णवी, अनमोल, मानसी, प्रांजल, आशा, कमल व करण ने गोल्ड मेंडल जीते।

एकेडमी कोच ने सभी बच्चों को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए मोटिवेट किया। साथ ही अकादमी की टीम को पहली ट्रॉफी दी गई। लीक में 4 बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में लर्निंग स्टेप स्कूल के छात्र-छात्राओं, जय श्रीश्याम स्पोर्ट्स कराटे अकादमी के कोच ओमप्रकास निर्वाण एवं करण सिंह निर्वाण की मेहनत रंग लाई, जिस कारण बच्चों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन हो सका। फाइनल प्रतियोगिता आगामी 27 व 28 जनवरी को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित की जाएगी।

**ब्यूटी पैजेंट** ऐश्वर्या मिस इंडिया ग्लैम फर्स्ट रनरअप और पायल सैकंड रनरअप रहीं

# सौम्या बनीं मिस इंडिया तो पूजा मिसेज इंडिया ग्लैम

**बेधड़क | जयपुर**

सर्द हवाओं के बीच ओपन एयर में जब विनर अनाउंस करने की बारी आई तो सर्दी की जगह गर्मी बढ़ गई। किसी कंटेस्टेंट की आंखें बंद हो गईं तो किसी ने लंबी सांस ली। फिर जैसे ही विनर्स के नाम सामने आए तो कहीं भावुकता फैल गई तो कहीं खुशी के आंसू झलक आए। ये सब देखने को मिला रविसूर्या ग्रुप व अनंता स्पा एंड रिसोर्ट जयपुर के सहयोग से हुए नेशनल ब्यूटी पैजेंट मिस एंड मिसेज इंडिया ग्लैम सीजन-5 के ग्रांड फिनाले में, जो दिल्ली हाईवे स्थित अनंता रिसॉर्ट में संपन्न हुआ। नववर्ष 2024 का स्वागत करते हुए सजाई गई मनमोहक शाम में मॉडल सौम्या गुप्ता ने अन्य प्रतिभागियों से आगे निकलते हुए मिस इंडिया ग्लैम-2024 का खिताब अपने नाम किया तो वहीं पूजा गिदवानी ने मिसेज इंडिया ग्लैम का टाइटल जीता। ऐश्वर्या साध को मिस इंडिया ग्लैम-2024 की फर्स्ट रनरअप, पायल दरयानी को मिस इंडिया ग्लैम सैकंड रनरअप, आकांक्षा शेखावत को थर्ड रनरअप व शिवानी परमार को फोर्थ रनरअप घोषित किया गया। इसके अलावा सिद्धि शर्मा को मिसेज इंडिया ग्लैम-2024 की फर्स्ट रनरअप, माया शर्मा को सैकंड रनरअप, शालिनी को थर्ड रनरअप व अर्चना चांद को फोर्थ रनरअप का खिताब मिला।



### इनको भी मिले टाइटल्स

समारोह में ख्वाहिश सैनी को मिस इंडिया ग्लैम इंटरनेशनल, सुष्मिता पुरी को मिस इंडिया ग्लैम राजस्थान और प्रीति सचदेवा मिसेज इंडिया ग्लैम राजस्थान बनीं। साथ ही मॉडल अनुजा, तन्वी, आर्शी, शीतल और शिवांगी को इंडिया ग्लैम राइजिंग स्टार चुना। वहीं साक्षी को मिस इंडिया ग्लैम कॉन्फिडेंट, अंशिता को बेस्ट रैंप वॉक से नवाजा गया।

### चार फैशन सिक्वेंस रहे खास

पवन टांक ने बताया, कि हाई वोल्टेज म्यूजिक की धुनों के बीच 4 फैशन सिक्वेंस हुए। मॉडल्स ने रैंप पर कैटवॉक कर फैशन लेबल बोधि ट्री की फैशन डिजाइनर शुभा गुप्ता का वेस्टर्न वियर और इसके बाद मंदाकिनी साड़ीज का ब्राइडल कलेक्शन शोकेस किया। मॉडल्स की खूबसूरती के साथ ही स्टाइल, कैटवॉक, सेल्फ प्रेजेंटेशन, बॉडी लैंग्वेज, माइंड ऑफ प्रेजेंस आदि की परख कर ज्यूरी ने की।



अगर आप वास्तव में स्वयं से प्रेम करते हैं, तो आप कभी भी किसी को ठेस नहीं पहुंचा सकते।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## जरूरी खबर

### फिर विवादों में आए अर्जेंटीना के राष्ट्रपति



**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना के नए राष्ट्रपति जेवियर माइली अपनी गर्लफ्रेंड फातिमा फ्लोरेज के नए संगीत कार्यक्रम में पहुंचे। यहां राष्ट्रपति ने अपनी गर्लफ्रेंड को किस किया, जिसका वीडियो अब पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बन गया है। फ्लोरेज इस दौरान गोल्डेन लियोटार्ड पहने हुए थीं। इस दौरान राष्ट्रपति स्टेज पर उनके साथ थे। स्थानीय समाचार आटलेट क्लेरिन के मुताबिक राष्ट्रपति रात 9:40 बजे रॉक्सी थिएटर पहुंचे। राष्ट्रपति माइली ने कथित तौर पर कार्यक्रम के टिकट के लिए अपनी जेब से भुगतान किया था। अपनी गर्लफ्रेंड को किस करने से पहले उन्होंने स्टेज पर भाषण दिया।

### हूती विद्रोहियों के खिलाफ लाल सागर में उतरेगा ब्रिटेन



**लंदन।** ईरान के हूती विद्रोहियों के खिलाफ लाल सागर में अब ब्रिटेन उतरने की योजना बना रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक लाल सागर में लगातार हूती विद्रोही समुद्री यातायात को रोक रहे हैं, जिसे देखते हुए ब्रिटेन अमेरिका के नेतृत्व वाले सैन्य अभियान में शामिल हो सकता है। रिपोर्ट में ब्रिटेन सरकार के सूत्र का हवाला दिया गया है। सूत्र ने कहा कि ब्रिटेन, अमेरिका और संभवतः एक अन्य यूरोपीय देश जल्द ही समुद्र या यमन में हूतियों के खिलाफ एक साथ हवाई हमले शुरू करेंगे।

### चीन की यात्रा पर जाएंगे मालदीव के नए राष्ट्रपति

**माले।** मालदीव के नए राष्ट्रपति मुहम्मद मुइज्जू भारत विरोध के जरिए लगातार संबंधों को खराब करने में जुटे हैं। इसी बीच वह चीन की यात्रा पर जा सकते हैं। चीन और मालदीव राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की बीजिंग की द्विपक्षीय यात्रा को लेकर बातचीत कर रहे हैं। अगर ऐसा होता है तो मुइज्जू भारत की यात्रा से पहले चीन की यात्रा करने वाले लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित मालदीव के पहले राष्ट्रपति बन जाएंगे।


**साल के पहले दिन जापान से टकराई डेढ़ फीट ऊंची सुनामी की लहरें**

# 7.6 वाले भूकंप के बाद सुनामी

**एजेंसी** । टोक्यो

साल के पहले ही दिन जापान में आए भीषण भूकंप के झटकों से वहां की धरती कांप उठी। रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 7.6 बताई जा रही है। मध्य जापान और उसके पश्चिमी तट पर आए शक्तिशाली भूकंप की वजह से सुनामी आई है, जिससे लोग दहशत में हैं। इस घटना के बाद वहां के निवासियों ने घरों को तुरंत खाली कर दिया। हजारों घरों की बिजली गुल हो गई और प्रभावित क्षेत्र के लिए उड़ानें और रेल सेवाएं रोक दी गई हैं। भूकंप की दहशत के बाद लोग सड़कों पर नजर आए।

## दुनिया के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र को खतरा






### रिंग ऑफ फायर पर बसा है जापान

जापान भूकंप के सबसे ज्यादा सेंसेटिव एरिया में है। यह पैसिफिक रिंग ऑफ फायर में आता है। रिंग ऑफ फायर ऐसा इलाका है जहां कॉन्टिनेंटल प्लेट्स के साथ ओशियनिक टेक्टॉनिक प्लेट्स भी मौजूद हैं। ये प्लेट्स आपस में टकराती हैं तो भूकंप आता है। इनके असर से ही सुनामी आती है और वॉल्केनो भी फटते हैं।



### टोक्यो में भी हिली इमारतें

एनएचके द्वारा प्रसारित फुटेज में तटीय शहर सुजु में धूल के गुबार में एक इमारत ढहती हुई दिखाई दे रही है और कानाजावा शहर के निवासी मेजों के नीचे दुबके हुए हैं। भूकंप से विपरीत तट पर स्थित राजधानी टोक्यो की इमारतें भी हिल गईं। रॉयटर्स की रिपोर्ट की मानें तो इशिकावा और टोयामा प्रांतों में 36,000 से अधिक घरों में बिजली गुल हो गई है। इशिकावा के लिए हाई स्पीड रेल सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। इसके अलावा फोन और इंटरनेट सेवा के बाधित होने की सूचना है।



### पांच मीटर ऊंची हो सकती हैं लहरें

जापान के सरकारी प्रसारक एनएचके टीवी ने चेतावनी दी कि समुद्र में लहरें पांच मीटर तक पहुंच सकती हैं। इसने लोगों से जल्द से जल्द ऊंचे स्थानों या पास की इमारत की ऊपरी मंजिलों पर चले जाने का आग्रह किया। एनएचके के मुताबिक, जापान के पश्चिमी तट पर निगाटा और अन्य क्षेत्रों में लगभग तीन मीटर ऊंची सुनामी आने की आशंका जताई गई।

### तीन घंटे में 30 बार भूकंप के झटके

जापान में भूकंप के बीच दहशत का माहौल है। जापान ने देशभर में भूकंप को लेकर ताजा चेतावनी जारी की है। चेतावनी के अनुसार, इशिकावा, निगाटा, नागानो और टोयामा के प्रान्त को खतरे वाले जोन में चिह्नित किया गया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले तीन घंटों में मध्य जापान में 30 से अधिक भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिनकी तीव्रता 3.6 से 7.6 तक रही।

### घरों से बाहर आए लोग

जापान की पब्लिक मीडिया एनएचके ने बताया कि 7.6 की प्रारंभिक तीव्रता वाले भूकंप के कारण जापान सागर तट के कुछ हिस्सों में लगभग 1 मीटर तक ऊंची लहरें उठीं। बताया जा रहा है कि इससे भी बड़ी लहर उठने की आशंका है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने इशिकावा, निगाटा और टोयामा के तटीय क्षेत्रों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की है। रूस ने भी अपने सुदूर पूर्वी शहरों व्लादिवोस्तोक और नखोदका में सुनामी की चेतावनी जारी की है।

### पीएम ने किया लोगों को आगाह

पीएम फुमियो किशिदा ने कहा कि अधिकारी अभी भी नुकसान की सीमा का आकलन कर रहे हैं। उन्होंने जापान के लोगों को भूकंप के झटकों और सुनामी से सावधान रहने की हिदायत दी। निवासियों को आगे संभावित भूकंपों के लिए सतर्क रहने की जरूरत है और मैं उन क्षेत्रों के लोगों से आग्रह करता हूं जहां सुनामी आने की आशंका है।

**किम जोंग उन ने सेना को तैयार रहने के दिए निर्देश**

# 'युद्ध हुआ तो अमेरिका-दक्षिण कोरिया को तबाह कर देंगे'

**एजेंसी** । प्योंगयांग

उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने अपनी सेना को निर्देश दिया है कि अगर अमेरिका और दक्षिण कोरिया टकराव का रास्ता चुनते हैं तो उन्हें झटके से और बिना किसी हिचकिचाहट के साथ नष्ट कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि ये दोनों देश कोरियाई प्रायद्वीप में संघर्ष को भड़काना चाहते हैं, लेकिन इसके अंजाम से बेखबर हैं। किम जोंग ने पिछले दो साल में परमाणु हमला करने में सक्षण दर्जनों बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया है। इनमें से कुछ मिसाइलें तो अमेरिका तक मार कर सकती हैं। इन मिसाइलों की ताकत को लेकर कई एक्सपर्ट भी चिंता जता चुके हैं। उत्तर कोरिया परमाणु हथियार सक्षम देश है। सरकारी समाचार एजेंसी केसीएनए के अनुसार, किम जोंग उन ने कहा कि गंभीरता के साथ घोषणा करता हूं कि अगर अमेरिका और उसकी दक्षिण कोरियाई कठपुतली डीपीआरके (डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया) के साथ सैन्य टकराव का हठपूर्वक प्रयास करते हैं, तो उसका बिना किसी हिचकिचाहट के साथ जवाब दिया जाएगा। इसमें परमाणु हमला करने का विकल्प भी मौजूद रहेगा। उन्होंने कहा कि उत्तर कोरियाई सेना को अपने दुश्मनों और विदेशी देशों के साथ पूरे क्षेत्र में प्रभुत्व जमाने और सैन्य कार्रवाइयों का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए दूरदर्शितापूर्ण तरीके से तैयारी करनी होगी।

### अमेरिका पर लगाया युद्ध भड़काने का आरोप



उत्तर कोरियाई नेता ने कहा कि प्योंगयांग के खिलाफ वाशिंगटन के दुश्मनी वाले कदम स्पष्ट रूप से खतरनाक हो चुके हैं। आशंका है कि दुश्मन देश उत्तर कोरिया के खिलाफ वास्तविक सैन्य कार्रवाई कर सकते हैं। इससे दोनों पक्षों के सशस्त्र बलों के बीच संघर्ष शुरू हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यूं सुक येओल की सरकार उत्तर कोरिया के साथ 'शक्ति संतुलन' हासिल करने का आत्मघाती प्रयास कर रही है और संयुक्त राष्ट्र कमान का विस्तार करके उसके साथ अंतिम समय तक टकराव कर रही है, जो कि एक अवैध कदम है।




**क्या हमास से खत्म हो गया युद्ध?**

# गाजा से सेना वापस बुला रहा इजराइल!

**एजेंसी** । तेल अवीव

इजराइल गाजा पट्टी में तैनात अपने कुछ सैनिकों को वापस बुला रहा है। इसके साथ ही रिजर्विस्ट के तौर पर तैनात सैनिकों को भी उनके काम से मुक्त किया जा रहा है। यह फैसला गाजा में हमास आतंकवादियों के खिलाफ अधिक टारगेटेड हमले करने और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए किया गया है। इजराइली सेना ने ऊपरी तौर पर पूरे गाजा पट्टी पर कब्जा कर लिया है। अब उनका फोकस गाजा में हमास आतंकवादियों के खिलाफ सटीक सूचना पर छापेमार कार्रवाई करने पर है। वहीं, इजराइल में तैनात सैनिक सामान्य लोगों के बीच से गए हैं। ऐसे में उनके पहले के काम ठप पड़ गए हैं, जिसका असर देश की अर्थव्यवस्था पर हो रहा है।



### इजराइल ने गाजा युद्ध पर क्या कहा

इजराइली अधिकारी ने कहा कि फिलिस्तीनी इलाकों में तब तक युद्ध जारी रहेगा, जब तक कि इस्लामवादी गुट हमास को उखाड़ नहीं फेंका जाता है। उन्होंने कहा कि गाजा से हटाए गए कुछ सैनिकों को लेबनान समेत दूसरे संभावित मोर्चों पर तैनात किया जाएगा। इजराइल ने 7 अक्टूबर को हमास के हमले के बाद गाजा पर आक्रमण शुरू किया था। हमास के हमले में 1200 इजराइली नागरिकों की मौत हुई थी, जबकि 240 से अधिक को अगवा कर गाजा लेकर जाया गया था। इसमें से कुछ को हमास ने रिहा कर दिया है, जबकि 129 लोग अब भी कब्जे में हैं।

### गाजा पट्टी के अधिकांश हिस्से पर कब्जा

इजराइली अधिकारियों ने कहा है कि उन्होंने गाजा पर आक्रमण को तीन मुख्य चरणों में अंजाम देने की योजना बनाई है। पहला, जमीनी बलों के लिए पहुंच मार्गों को साफ करने और नागरिकों को वहां से हटने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए तीव्र गोलाबारी करना था। दूसरा, पूर्ण आक्रमण था जो 27 अक्टूबर को शुरू हुआ। अधिकारी ने कहा, टैंकों और सैनिकों ने अब गाजा पट्टी के अधिकांश हिस्से पर कब्जा कर लिया है और हमास के आतंकवादी सुरंगों और बंकरों में छिप गए हैं।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl